


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# विश्व विजेता टाइम्स

तापमान
अधिकतम 24°C
न्यूनतम 12°C




वर्ष : 22 | अंक : 152 | लखनऊ, मंगलवार, 9 फरवरी, 2021 | मूल्य : 2 रुपये | पृष्ठ - 8 | www.vishwavijetatimes.com


## राज्यसभा में किसान आंदोलन पर बोले पीएम मोदी

# 'राजनीति और राष्ट्रनीति में हमें किसी एक को चुनना होगा'

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्टपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में जवाब दे रहे हैं। इस दौरान कोरोना संकट काल को लेकर पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा है, इसी के साथ ही दुनिया में भारत द्वारा दी जा रही मदद का उल्लेख किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान आंदोलन पर भी बात की। उन्होंने कहा, हमें तय करना होगा कि हम समस्या का हिस्सा बनेंगे या समाधान का माध्यम बनेंगे। राजनीति और राष्टनीति में हमें किसी एक को चुनना होगा।



पीएम मोदी ने कहा कि, सदन में किसान आंदोलन की भरपूर चर्चा हुई, जो भी बताया गया वो आंदोलन को लेकर बताया गया लेकिन मूल बात पर चर्चा नहीं हुई। आगे उन्होंने कहा, पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने सरकार के प्रयासों की सराहना भी की, साथ ही उन्होंने सुझाव भी दिए। इस दौरान पीएम मोदी ने चौधरी चरण सिंह के कथन को सदन में पढ़ा, किसानों का सेंसेस लिया गया, तो 33 फीसदी किसान ऐसे हैं जिनके पास जमीन 2 बीघे से कम है, 18 फीसदी जो किसान कहलाते हैं उनके पास 2-4 बीघे जमीन है। ये कितनी भी मेहनत कर ले, अपनी जमीन पर इनकी गुजर नहीं हो सकती है । इसी के साथ उन्होंने अपने संबोधन में कहा, %मौजूदा वक्त में जिनके पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन

### प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनकारियों से अपने आंदोलन को समाप्त करने की अपील की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों से नए कृषि कानूनों के खिलाफ अपने आंदोलन को रोकने के लिए जोरदार अपील की, यहां तक कि उन्होंने कृषि सुधारों पर अपने अचानक यू-टर्न के लिए विपक्षी दलों से सवाल किया। प्रधानमंत्री ने विरोध के पीछे उन लोगों पर भी प्रहार किया, जिसमें कहा गया था कि देश में आंदोलनकारियों की एक नई ÷नस्ल÷ उभरी है, जो आंदोलन किए बिना नहीं रह सकती है और देश को उनसे सावधान रहना चाहिए। पीएम ने कहा कि देश में नया एफडीआई (विदेशी विनाशकारी विचारधारा) सामने आया है और ÷देश को ऐसी विचारधारा से बचाने के लिए हमें और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत को सिखों के योगदान पर बहुत गर्व है और कुछ लोगों द्वारा उनके लिए इस्तेमाल की जाने वाली भाषा से देश को कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग सिखों को बदनाम करने की कोशिश भी कर रहे हैं। यह एक ऐसा समुदाय है जिसने राष्ट्र के लिए बहुत कुछ किया है। देश सिखों के योगदान पर गर्व करता है, लेकिन कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। गुरु साहिबों के शब्द और आशीर्वाद कीमती हैं।

### विपक्ष की चुटकी, कहा- शादी में फूफी भी नाराज हो जाती है

**नई दिल्ली** मोदी ने राज्यसभा में संबोधन दिया। इस संबोधन में उन्होंने विपक्ष को जमकर अपने निशाने पर लिया। इस दौरान उन्होंने मजाकिया अंदाज भी अपनाया। मजाकिया अंदाज में उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए उनकी तुलना किसी शादी में नाराज हुए रिश्तेदार से कर दी। उनके इस संबोधन को सुनकर सदन में जमकर ठहाके लगे। जी दरअसल कृषि कानून के मामले के बारे में बोलते हुए पीएम मोदी ने सदन में कहा, 'चर्चा में कानून की स्पिरिट पर बात नहीं हुई है, शिकायत है कि तरीका ठीक नहीं था, जल्दी कर दी। ये तो होता हो। वो तो परिवार में शादी होती है, तो भी फूफी नाराज होकर कहती है, मुझे कहां बुलाया है। इतना बड़ा परिवार है तो रहता ही है' इसी के साथ आगे उन्होंने यह भी कहा, आप कोरोना काल में अपने घरों में रहे और आपके अंदर काफी कुछ था। तो आपने सारा गुस्सा मुझे गाली देने में निकाल दिया, कम से कम मैं आपके काम तो आया। ये आनंद लीजिए और इसे जारी रखिए, मोदी है मौका लेते रहिए। अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस के नेता गुलाम नबी आजाद पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, गुलाम नबी जी हमेशा ही सदन में संयम से बोलते हैं, उन्होंने कश्मीर में हुए चुनावों की तारीफ भी की है। लेकिन उन्हें डर है कि कहीं उनकी पार्टी में इसपर कुछ ना हो जाए और इसे त्न-23 की सलाह मान ली जाए।

## जमीन खरीददारों को धोखेबाजों से बचाएगा यूपी सरकार का यूनिक कोड



लखनऊ ।

उत्तर प्रदेश सरकार अब जमीन खरीददारों के साथ होने वाली धोखेबाजी को बचाने के लिए 16 अंकों का यूनिक कोड जारी करेगी, इससे जमीनों पर होने वाला फर्जीवाड़ा रूकेगा। राज्य सरकार का राजस्व विभाग कृषि, आवासीय और व्यवसायिक भूमि को चिन्हित कर यूनिक नंबर जारी कर रहा है। जिससे कोई भी व्यक्ति अब घर बैठे एक क्लिक से जमीन का पूरा ब्योरा जान सकेगा। यूनिक कोड के जरिये विवादित भूखंडों के फर्जी बेनामों पर रोक लगाई जा सकेगी। प्रदेश भर में इस योजना को लागू किया जा रहा है। ज्यादातर जिलों में इस पर काम शुरू हो गया है। सभी राजस्व गांवों में अवस्थित भूखंडों के लिए यूनीक कोड निर्धारण और वादग्रस्त भूखंडों का राजस्व न्यायालय कम्प्युटरीकरण प्रबंध प्रणाली में अंकन करने का काम किया जा रहा है। योजना में जमीन के पुराने मालिक के साथ ही नए मालिक का भी नाम दर्ज होगा। जमीनों के गाटे का यह यूनीक कोड सोलह अंकों का होगा। पहले एक से लेकर छह अंक गांव की जनगणना के आधार पर होगा। सात से 10 तक भूखंड की गाटा संख्या और 11 से 14 अंक जमीन के विभाजन का नंबर होगा। 15 से 16 नंबर भूमि की श्रेणी होगी। जिससे कृषि, आवासीय और व्यवसायिक भूमि चिन्हित की जा सकेगी। जमीन की खरीद में हेरफेर और धोखाधड़ी रोकने के लिहाज से योगी सरकार की इस योजना को गेम चेंजर माना जा रहा है। यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद कोई भी जमीन के मामले में धोखाधड़ी नहीं कर सकेगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जमीन और विरासत से जुड़े विवादों को खत्म करने के लिए योगी सरकार विरासत और स्वामित्व योजना भी चला रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए प्रदेश के 75 जिलों में सर्वे शुरू करा दिया है। कई जिलों में स्वामित्व योजना का काम पूरा कर लोगों को प्रमाणपत्र भी दे दिया गया है।

### योगी ने किया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते कुछ दिनों से अपने नए फैसले और अपने नए-नए कामों को लेकर सुर्खियों का हिस्सा बने हुए हैं। जी दरअसल उनका कहना है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सूबे के युवाओं सहित अन्य वर्गों को राहत दी जा सके। वैसे उनके इसी कथन को सिद्ध करते हुए आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। इसी के साथ ही इस दौरान उन्होंने कहा, इसके बनने से रोजगार के ढेरों अवसर बनेंगे। आप सभी को हम यह भी बता दें कि क्क के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजीपुर में धरवारा गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। इस दौरान ही उन्होंने कहा, हमारा प्रयास होना चाहिए कि अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर सकें। इसके लिए कोई कसर न छोड़ी जाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि, मेरा मानना है कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जैसे बनेगा यहां पर रोज़गार की ढेर सारी संभावनाएं आगे बढ़ेंगी। हमारे यहां के युवाओं को रोज़गार के लिए अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा बल्कि रोज़गार के लिए जिसको आना होगा यहां उत्तर प्रदेश में आएगा। वैसे आप सभी को हम यह भी बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों अपने नए-नए ऐसे फैसले ले रहे हैं जो जनता के हित में है और इन्ही के कारण वह लगातार सुर्खियों का हिस्सा बन रहे हैं।

## राष्ट्रपति शासन लगाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश में राष्टपति शासन लगाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल हुई थी। वहीं अब उस याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। एसए बोबडे ने इस दौरान कहा कि, याचिकाकर्ता ने इस संबंध में कोई रिसर्च नहीं की है। इस मामले में याचिकाकर्ता का कहना है कि, यूपी में कानून व्यवस्था खराब है। के आंकड़े भी बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधिक मामले यूपी में ज्यादा हैं। जी दरअसल तमिलनाडु के रहने वाले वकील सीआर जयासुकिन ने सुप्रीम कोर्ट में इस याचिका को दाखिल किया था। याचिका में हाथरस मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि यूपी में मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है, लिहाजा राष्टपति शासन लगाया जाए इसी क्रम में शीर्ष अदालत ने



सुनवाई के दौरान नाराज होते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि, ज्यादा बहस करेंगे तो भारी जुर्माना लगाएंगे। जी दरअसल सीआर जयासुकिन ने अपनी याचिका में कहा था, हाथरस में युवती के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर देशभर में आक्रोश है। मामले को लेकर देश में कई जगह प्रदर्शन हुए हैं। हाथरस में गैंगरेप की शिकार 20 साल की युवती की 29 सितंबर, 2020 को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। हैवानियत की हदें पार करने वाली यह घटना यूपी के हाथरस में 14 सितंबर को हुई थी।

## ओडिसी संगीत वादक गोपाल चंद्र पंडा को किया जाएगा सम्मानित




भुवनेश्वर।

एक प्रमुख सांस्कृतिक व्यक्तित्व को सम्मानित करने के लिए उड़ीसा डांस अकादमी द्वारा स्थापित, सम्मानित बुद्ध सम्मान, रविवार को चल रहे 17वें धौली-कलिंग महोत्सव में ओडिसी संगीत गुरु पंडित गोपाल चंद्र पांडा को प्रदान किया गया। सम्मन एक पट्टिका, अंगवस्त्र और नकद पुरस्कार दिया जाता है। संस्कृति के क्षेत्र की चार प्रतिष्ठित हस्तियों को गुरु गंगाधर प्रधान स्मृति सम्मान भी प्रदान किया गया। वे वीणा के प्रतिपादक और संगीत संगीतकार के। रामाराव पात्रा, ओडिसी नृत्यांगना स्नेहाप्रवा सामंत्रे, पत्रकार और नृत्य समीक्षक श्यामाहारी चक्र और साउंड डिज़ाइनर-संगीत अरक्षक तारकांता पांडा (मरणोपरांत) हैं। स्मारक पुरस्कार पट्टिका, अंगवस्त्र और रु। का नकद पुरस्कार दिया गया। समारोह की दूसरी शाम का उद्घाटन करने वाले और सम्मान प्रदान करने वाले गणमान्य व्यक्तियों में अशोक चंद्र पांडा, मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक उद्यम, सामाजिक सुरक्षा और अधिकारिता; विशाल कुमार देव, प्रमुख सचिव, पर्यटन और श्रीमयी मिश्रा, अध्यक्ष, ओडिशा पर्यटन विकास निगम। समारोह निदेशक और उड़ीसा डांस अकादमी की सचिव अरुणा मोहंती भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ।

## पीएम से अपील: बिलों को वापस लेकर किसान पर कानून बना दो : राकेश टिकैत

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राज्यसभा में किसानों से अपने आंदोलन को खत्म करने की अपील की है। अब पीएम मोदी की इसी अपील पर भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने अपना पक्ष रखा है। हाल ही में उन्होंने कहा है कि,भूख पर व्यापार नहीं होना चाहिए। ऐसा करने वालों को बाहर निकाल दिया जाएगा। आगे अपने बयान में राकेश टिकैत ने कहा,अगर वो बातचीत करना चाहते हैं, तो हम तैयार हैं। लेकिन हमारा पंच भी वही है और मंच भी वही है। इन बिलों को वापस लेकर, स्स्क्क पर कानून बनाना चाहिए। इसके अलावा राकेश टिकैत ने यह भी कहा है कि, सरकार




15 संशोधन करना चाहती है, पहले उन्हें निकाल लें और फिर आगे की बात भी कर ली जाएगी। दूध के मामले में भी देश की हालत ठीक नहीं है, ऐसा ही रहा तो तुर्की जैसे हालात हो जाएंगे और दूध भी बाहर से मंगाना पड़ेगा। आगे अपने बयान में किसान नेता बोले कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपील करनी चाहिए कि सभी सांसद अपनी-अपनी पेंशन को छोड़ दें। क्या कहा था पीएम मोदी ने- जी दरअसल आज क्क्रू नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा, है और रहेगा। किसानों को अपना आंदोलन खत्म करना चाहिए। सरकार ने बातचीत की है और आगे भी चर्चा को तैयार है। आंदोलन खत्म होना चाहिए और चर्चा जारी रहनी चाहिए। वैसे आप सभी जानते ही होंगे कि किसानों और सरकार के बीच अबतक 11 दौर की बात हो चुकी है, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला है। वहीं हाल ही में अब जब पीएम मोदी की ओर से सदन में बयान दिया गया है, तो एक बार फिर चर्चा होने के बारे में कहा जा रहा है।

## 14 देशों को भारत की दो वैक्सीन एक्सपोर्ट की जा रही है: अमित शाह

नई दिल्ली।

अभी भी देश कोरोना से लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में इस समय देशभर में टीकाकरण अभियान जारी है और भारत ने कई देशों को वैक्सीन भेजकर मदद भी की है। इसी क्रम में हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि, भारत दुनिया की 70 प्रतिशत कोरोना वायरस वैक्सीन की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है और 14 देशों को भारत की दो वैक्सीन एक्सपोर्ट की जा रही हैं। जी दरअसल यह सभी बातें अमित शाह ने बीते रविवार को कही है। वह बीते रविवार को एक निजी मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। यहाँ सम्बोधन देते हुए उन्होंने कहा, कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में दूसरे देशों के मुकाबले बड़ा अंतर



यह था कि भारत में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और 130 करोड़ लोगों ने मिलकर स्थिति को संभाला। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि, हमारी कोविड -19 मृत्यु दर कम है और रिकवरी रेट सबसे अच्छी है। आगे अपने सम्बोधन में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, भारत दुनिया के 70 प्रतिशत कोरोनोवायरस वैक्सीन की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है और 14 देशों को दो वैक्सीन निर्यात की जा रही हैं।

## अगर मोदी जी का सीना 56 इंच का होता तो चीन को सबक सीखा चुके होते: असदुद्दीन ओवैसी

अहमदाबाद।

केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन अब भी जारी है। आज आंदोलन का 76वां दिन है।

अब इसी बीच एआईएमआईएम के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अपना पक्ष रखा है। जी दरअसल उन्होंने दिल्ली के गाजीपुर, सिंघू और टिकरी बॉर्डर पर कीलें लगाने को लेकर मोदी सरकार को निशाने पर लिया है। हाल ही में उन्होंने एक बयान में कहा है कि, प्रदर्शनकारी किसानों को रोकने के लिए सड़कों को खोदने और कीलें लगाने के बदले सरकार को चीन को रोकने के लिए लद्दाख में



कीलें लगानी चाहिए।

उन्होंने हाल ही में नरेंद्र मोदी से अपनी एक अपील भी की है। उनका कहना है कि, वह किसानों की 'मन की बात' को सुनें। यह सभी बातें असदुद्दीन ओवैसी ने एक रैली के दौरान कही। रैली में ही उन्होंने यह भी कहा अगर आपने लद्दाख में कीलें लगाई होती तो चीनी सैनिक भारत में नहीं घुसे होते। आपने लद्दाख में कीलें नहीं लगाई, जहां भारतीय सेना के 18 जवान शहीद हो गए। अगर आपका सीना 56 इंच का होता तो आप चीन को सबक सीखा चुके होते। इसके अलावा उन्होंने यह तक कह दिया कि, मोदीजी ने एक बार भी चीन का नाम तक नहीं लिया। वह सभी लोगों का और सभी चीजों का नाम लेंगे लेकिन चीन का नहीं। तीन कृषि कानून भारत के संविधान के खिलाफ हैं, क्योंकि कृषि राज्य का विषय है। इसलिए ऐसे में केंद्र का राज्य के विषय में कानून बनाने का कोई अधिकार नहीं है।

## उत्तराखंड त्रासदी: ग्लेशियर टूटने के बाद अभी तक 19 शव बरामद, 202 लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

नई दिल्ली।

उत्तराखंड में चमोली जिले के रैनी गांव में ग्लेशियर फटने से बड़ी तबाही हुई है। जोशीमठ के पास ग्लेशियर टूटने से धौली गंगा नदी में बाढ़ आ गई और इस त्रासदी के बाद से अब तक 18 शव बरामद किए गए हैं। राज्य सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), जो बचाव और राहत कार्यों में लगी हुई है, उसने स्थानीय प्रशासन से प्राप्त अपडेट की जानकारी देते हुए कहा है कि 202 लोग अभी भी लापता हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में, उत्तराखंड सरकार ने कहा कि अब तक 18 शव बरामद किए



गए हैं, जबकि 202 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य सरकार ने कहा कि सूची सोमवार दोपहर को तैयार की गई है। इसमें कहा गया है कि एक सुरंग के अंदर करीब 25-35 लोग फंसे हुए हैं और उन्हें बचाने के लिए ऑपरेशन जारी है। राज्य सरकार ने कहा कि सुरंग के अंदर फंसे लोगों को भी 202 लापता लोगों की सूची में शामिल किया गया है। आईटीबीपी के एक अधिकारी ने कहा कि लापता होने वालों में रित्विक कंपनी के 21 लोग, रित्विक की सहयोगी कंपनी के 100, एचसीसी कंपनी के तीन, ओम मेटल के 21 और तपोवन, रिंगी और काचरे गांव के दो-दो लोग, ऋषि गंगा कंपनी के 46 लोग और रैनी गांव के पांच लोग शामिल हैं। गंगा नदी के छह स्रोतों में से एक, धौलीगंगा नदी में जल स्तर बढ़ गया। रविवार सुबह अचानक ऋषि गंगा पावर प्रोजेक्ट के पास एक हिमस्खलन हो गया था। उत्तराखंड के चमोली में रविवार सुबह अचानक तबाही ने भयानक दस्तक दी। तपोवन इलाके में ग्लेशियर टूटने के बाद वहां नदी का जलस्तर बढ़ गया और फिर पानी का ऐसा खौफनाक बहाव आया, जो अपने साथ तिनके की तरह सब कुछ बहा कर ले गया। आईटीबीपी ने कहा कि ऋषि गंगा में सुबह करीब 10.45 बजे बाढ़ आ गई, क्योंकि एक ग्लेशियर उसमें गिर गया, जिससे पानी की मात्रा तेजी से बढ़ गई।

### एक नजर

#### भयानक हादसा: धर्मशाला से पठानकोट जा रही अनियंत्रित होकर खाई में गिरी

**शिमला।** देशभर में हर दिन कोई न कोई नई बड़ी आपदा की खबर सामने आने से लोगों की परेशानी और मौत की वजह भी बन चुकी है, हर दिन कोई न कोई इन आपदाओं का शिकार होकर अपनी जान खो रहा है. वहीं एक बार फिर हम आपके लिए एक ऐसी खबर लेकर आए जिसे सुनने के बाद आपकी रूह काँप उठेगी. जंहा इस बात का पता चला है कि धर्मशाला से पठानकोट जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस शाहपुर के सिंहवा में घटना का शिकार हो गई है। घटना के व?त बस में तकरीबन डेढ़ दर्जन यात्री सवार थे जिन्हें हल्की चोटें आई हैं। पाचं लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें शाहपुर के सिविल हॉस्पिटल में भर्ती किया जा चुका है। एक गंभीर घायल को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक को पास देते समय अचानक से ओवरटेक करती हुए कार चालक को बचाने के चक्कर में दुर्घटना हुई है। चालक ने बस को एक सफेदे के पेड़ से टकराने की प्रयास की मगर उस समय बस अनियन्त्रित हो गई और खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि कोई जान का नुकसान नहीं हुआ।

#### जम्मू- कश्मीर में एक बार फिर महसूस हुए भूकंप के झटके

**जम्मू।** पिछले कुछ दिनों से तेजी से बढ़ रही आपदाओं की मार आज हर किसी के लिए परेशानी की वजह बनती जा रही है. वहीं जम्मू-कश्मीर में सोमवार प्रातः 4.56 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.5 रही। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने भूकंप की पुष्टि की जा चुकी है। जंहा इस बात का पता चला है कि जम्मू-कश्मीर में पिछले माह भी भूकंप के झटके महसूस हुए थे। पिछली बार 19 तारीख को घाटी में धरती हिली हुई थी। उसके कुछ दिन पहले भी जम्मू-कश्मीर में भूकंप आने कि वजह से पूरी की पूरी धरती हिल उठी है। तब डोडा जिले के गंदोह में जमीनी सतह के दस किलोमीटर नीचे भूकंप का केंद्र था। मिली जानकारी के अनुसार बीते 11 तीरीख का जो भूकंप आया था उसकी तीव्रता अधिक थी। तब भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई थी और थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी जैसी स्थिति पैदा हो गई है। लोग घरों से बाहर निकल आए थे।

#### बिहार : सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले के मरंगा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, कटिहार जिले के रहने वाले तीन युवक रविवार की रात एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर धमदाहा थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव जा रहे थे। इसी दौरान फरिहानी गांव के समीप एक चौक पर मोटरसाइकिल को एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में तीनों युवकों की मौत हो गई। मरंगा के थाना प्रभारी राजीव कुमार ने सोमवार को बताया कि मृतकों की पहचान कटिहार जिला के फलका क्षेत्र निवासी शंभु, सूरज ऋषिदेव और ज्ञानी ऋषिदेव के रूप में की गई है। शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सीओ ने सिपाहियों को शस्त्रों की बताई उपयोगिता

**रामपुरा/जालौन,**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीओ वीरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा रामपुरा थाना का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। सीओ वीरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कोतवाली पहुंच कार्यालय के अभिलेखों को देखा और इसके बाद कार्यालय, माल खाना, शस्त्रों का निरीक्षण करने के साथ रखरखाव व हवालात की साफ सफाई देखी। मैस व बैरिक का निरीक्षण करने के साथ जिम्मेदारों को बेहतर सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। थाना क्षेत्र के अपराधों की समीक्षा कर लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों पर जांच कर प्रभावी कार्यवाही करने के साथ समय से निस्तारण के निर्देश जारी किये है।



सीओ ने आगामी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रहरियोंध्गांव के पूर्व व वर्तमान प्रधानों के साथ संवाद करते हुये उनकी समस्याएं पूंछी और गांव में निवास करने वाले शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये गये। कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिये गये कि गांव में गश्त करते रहे और गांव में होने वाली हर गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। सीओ वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने निरीक्षण दौरान अस्त्र शस्त्रो के बारे में भी विशेष जानकारी दी व प्रत्येक असलाहों के बारे हर तौर से जानकारी मुहैया करायी कि किस शस्त्र का उपयोग किस समय पर किया जाता है।

इस दौरान थानाप्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा उपनिरीक्षक हीरा सिंह उप निरीक्षक मिथिलेश उप निरीक्षक नरेश कुमार जगम्मनपुर चौकी इंचार्ज दिलीप वर्मा, हेड कांस्टेबल हरेंद्र, संजय, विनय पटेल आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पिता को सौंपे दोनों बच्चे

**कोंच/जालौन ।**

कोतवाली परिसर में दिन रविवार को कोतवाल क्राइम उदयभान गौतम ने न्यायालय प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय उरई जनपद जालौन के आदेश 8 जनवरी 2021 वाद संख्या 15/2019 आदेश का अनुपालन कराते हुए बताया कि राज कुमारी पत्नी स्व. अशोक पटैरिया, दीपक, श्याम पुत्रगण अशोक पटेरिया निवासीगण ग्राम अमीटा थाना एट अपने साथ लड़की वैष्णवी उम्र करीब 9 वर्ष व कार्तिक उम्र करीब 7 वर्ष को थाने लेकर आये।

जहां पर मोहित पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम कूंडा थाना कैलिया अपने परिवारीजन आशीष पुत्र दयाशंकर व ओम प्रकाश पुत्र राधेलाल निवासी गण ग्राम कूंड़ा उपस्थित हुए और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से उपरोक्त बच्चों को उनके मोहित पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम कूँडा को सुपुर्द किया गया जिसमें पुत्र कार्तिक के नाम अचल संपत्ति के रूप में 7 एकड़ जमीन है जिसके लिए बच्चों के पिता को निर्देशित किया गया कि दोनों बच्चों की अच्छी तरह से परवरिश करें यदि बच्चों की नानी मामा, मामी एवं मौसी से मिलने की इच्छा व्यक्त करते है तो बच्चों को उनसे मिलवाने से न रोका जाए।

बता दें कि रश्मि पत्नी मोहित निवासी ग्राम अमीटा की मृत्यु वर्ष 2015 में आग से हो गयी थी और उसी समय से दोनों बच्चे अपने ननिहाल में नानी राजकुमारी एवं मामा श्यामजी के पास रह रहे थे जिस पर बच्चों के पिता ने न्यायालय में बच्चे दिलाये जाने की गुहार लगाई थी।

# आप यूपी की जनता के लिए एक मजबूत विकल्प है : ई. आकाश

**गोरखपुर**

आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव ई. आकाश जायसवाल ने भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि देश की आजादी के बाद से ही युपी दुश्वारियों का सामना कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के गृह जनपद के युवा नौकरी के तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। वही बुजुर्ग लोग पेंशन के लिए चक्कर काटते हैं। दूसरी ओर यदि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार अपने सूबे की जनता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे सकती है तो उत्तर प्रदेश के नागरिकों को ऐ सुविधा क्यों नहीं मिल सकती है। उरूवा छेत्र के मरची गाँव में आयोजित सदस्यता अभियान व जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार बौद्ध ने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस तरह दिल्ली में विश्वस्तरीय शिक्षा मॉडल है, उसी प्रकार यूपी के सरकारी स्कूलों को क्यों नहीं बनाया जा सकता। आगे कहा कि ईमानदार नेतृत्व की सरकार हो और नीयत साफ हो तो सबकुछ संभव है।



इसीलिए उत्तर प्रदेश में आज जन-जन की जुबान पर आम आदमी पार्टी का नाम है, जनता चाहती है कि प्रदेश में 'आप' की सरकार बने। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप यादव और अध्यक्षता इन्द्रमणी सिंह ने किया। कार्यक्रम में लगभग सैकडों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कियें, मुख्य रूप से राघवेन्द्र प्रताप यादव जिला अध्यक्ष गोरखपुर यूथ विंग, राजेश कसौधन जिला महासचिव यूथ विंग, बीरेन्द्र नाथ दूबे जिला संगठन अध्यक्ष यूथ विंग, संजय गौड़ जिला कोषाध्यक्ष यूथ विंग, महताब खान जिला उपाध्यक्ष यूथ विंग, सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनपद में धारा-144 दो माह के लिये लागू

**देवरिया।**

आगामी त्यौहारों एवं कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप से आमजन के बचाव हेतु धारा-144 पूरे जनपद में तत्काल प्रभाव से 07 अप्रैल 2021 तक(दो माह के लिये) के लिये लागू कर दिया गया है, जिसका उल्लंघन दण्डनीय अपराध होगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट कुवर पंकज ने बताया है कि इसके उल्लंघन पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उन्होने इस अवधि में प्रतिबंधित क्रियाकलापों को कदापि नही करने की हिदायत दी हैं। साथ ही उन्होने यह भी कहा है कि जनपद में कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य नही करेगा जिससे कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगडने की संभावना हो। उन्होने सभी से इस आदेश का पालन किये जाने की अपेक्षा की है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने इस धारा के अन्तर्गत प्रतिबंधित क्रियाकलापो के विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कोई भी व्यक्ति 5 या 5 से अधिक समूह में एकत्रित नही होगें, न ही कोई जुलूस निकालेगें और न ही कोई सभा करेगें। जनपद में कोविड-19 (कोरोना वायरस) का प्रकोप के दृष्टिगत इससे बचाव हेतु निरंतर मास्क का प्रयोग, सोशल डिस्टिेंन्सिग के नियमो का पालन किया जाना आवश्यक होगा। संक्रमण के फैलने के खतरे के दृष्टिगत रिकार्ड किये गये भक्ति गीत बजाये जा सकते है, किन्तु समूह में इक्कठे होकर गायन की अनुमति नही होगी। कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल को न तो क्षति पहुॅचायेगा और न ही इसके के लिये किसी को प्रेरित करेगा। धर्म विशेष की भावनाओं को उद्वेलित करने अथवा सम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने का कार्य नही करेगा। धार्मिक उन्माद पैदा करने वालो कैसेट न तो बजायेगा और न ही उसे प्रसारित करना, धार्मिक उन्माद से जुडे पोस्टर चिपकाना इससे जुडी बाते दीवारो पर लिखना व लिखे जाने हेतु किसी को प्रेरित करना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

# कायस्थों का सपा में सम्मान : आशुतोष सिन्हा

**गाजीपुर**

लंका मैदान स्थित मैरेज हाल में रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नव निर्वाचित विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अशुतोष सिन्हा ने कहा कि गाजीपुर में कायस्थ परिवार का बहुत ही प्यार और सहयोग मिला। अगर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने टिकट नहीं दिया होता तो मैं आज अपने समाज का सिर ऊंचा नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज बहुत स्वाभिमानी है और अपने स्वाभिमान की रक्षा करना भी बखूबी जानता है। अन्य पार्टियों में कई ऐसे लोग हैं, जो कई-कई बार से विधायक है, मगर उनको कोई उचित स्थान नहीं मिला। आज आप लोगों की बदौलत चित्रांश समाज का सिर ऊंचा



हुआ है। जो एकजुटता हमें देखने को मिली, उससे साबित हो गया कि आगे हमें अब कोई रोक नही पाएगा और एक दिन हर क्षेत्र में कायस्थ समाज का बेटा प्रतिनिधित्व करेगा। अखिलेश यादव ने कायस्थ समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। मै अपके हर सुख-दुख में हमेशा शामिल रहूंगा। विश्वास दिलाता हूं कि समाज के लोग जब-जब पुकारेंगे, मुझे हमेशा अपने बीच पाएंगे। रविन्द्र श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि हम लोग बुद्धजीवियों की श्रेणी में आते हैं। एकता के अभाव में भटके हुए थे, लेकिन अब हमारा समाज भी जागरूक हो गया है, इसलिए अब किसी भी राजनीतिक संगठन द्वारा अपने समाज की उपेक्षा बर्दास्त नहीं किया जाएगा । कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण कुमार श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव और आखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अमित श्रीवास्तव आदि लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशुतोष सिन्हा व कायस्थ समाज के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद नन्हें बालक आरुष श्रीवास्तव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वागत कार्यक्रम में महासभा के जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर, अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

तत्पश्चात जिले के चित्रांश बन्धुओं ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर अभिनंदन तथा स्वागत किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व जिला महामंत्री पप्पू लाल श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से जनपद के सभी कायस्थ संगठनों के जिलाध्यक्षों को माला पहनाकर, अंगवस्त्रम व बैच लगाकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकर क्रिकेट क्लब भंगा ने 60 रन से जीता फाइनल मैच

**जालौन।** ग्राम पंचायत भंगा में जय माँ मंगला क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे 15 जनवरी 2021 से टूर्नामेंट का समापन हुआ जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी भंगा की टीम के कप्तान राघवेंद्र प्रजापति की सूझबूझ से 15 ओवर में 165 रन बनाए जिसमें ऋषभ सोनी ने 13 छक्के और चार चौके की मदद से सर्वाधिक 105 रन बनाए। पीछा करने उतरी बोहरा की टीम 12 वें ओवर में 101 रन पर आल आउट हो गई। मैन ऑफ द सीरीज ऋषभ चौहान रहे जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में करीब सर्वाधिक 10 विकेट और 310 रन बनाए।टूर्नामेंट में खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे कालूराम प्रजापति झांसी जोन कोडिनेटर सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, जटा शंकर प्रजापति प्रदेश उपाध्यक्ष भागीदारी संकल्प मोर्चा, राजा प्रदुम सिंह सरावन, राघवेंद्र प्रताप सिंह, हिमांशु ठाकुर रूपापुर छात्र नेता सपा, मनीष नायक, पत्रकार अनिल कुमार प्रजापति, परमात्मा शरण प्रधान कासिमपुर, हेबेंद्र सिंह राजावत, आदिलोगों ने टूर्नामेंट की व्यवस्था देखी।

### आपसी विवाद का मामला पहुंचा कोतवाली

**जालौन।** आपसी विवाद के चलते दो लोगों के बीच हुए विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी राजेश व जसवंत के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद गाली, गलौज से होकर मारपीट तक पहुंच गया। गांव के लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

### क्लीन एनर्जी को मिला ईनाम

**जालौन।** पेट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एशोसिएशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण को लेकर आयोजित वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में नगर के युवाओं ने बाजी मारी। 'क्लीन एनर्जी, ग्रीन एनर्जी' विषय पर जालौन ग्रुप द्वारा बनाई गई पेंटिंग को न केवल सराहना मिली बल्कि ग्रुप के सदस्यों को 15 हजार रुपये का नगद पुरस्कार भी दिया गया। पेट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एशोसिएशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण को लेकर कानपुर में 'क्लीन एनर्जी, ग्रीन एनर्जी' विषय पर वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कानपुर में आयोजित हुईइस प्रतियोगिता में 15 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें नगर की टीम जालौन ग्रुप ने उक्त विषय पर सर्वश्रेष्ठ वॉल पेंटिंग बनाकर प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। जालौन ग्रुप के आर्टिस्ट मोहम्मद मुस्तकीम ने बताया कि कोरोना काल से अभी तक उनके ग्रुप द्वारा अलग अलग विषयों पर निशुल्क वॉल पेंटिंग कर लोगों को जागरूक किया है। यदि उनके ग्रुप के इस प्रयास से एक भी व्यक्ति जागरूक होता है तो उनके लिए यह बहुत बड़ी कामयाबी होगी। इस कार्य में नगर के अशोक गहोई का भी काफी योगदान है। ग्रुप में शामिल आर्टिस्ट मोहम्मद मुस्तकीम, विशाल कुशवाहा, मौसम खान, सोनू परिहार, रोहित गुप्ता, सागर गुप्ता, गौरव, पूजा शर्मा, सुभि दीक्षित, दिव्या दीक्षित प्रतियोगिता में जीत की खुशी मनाते नजर आए। बता दें, पीसीआरए की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में जालौन ग्रुप को उनकी इस उपलब्धि पर 15 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### नदीगांव में मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

**जालौन।** मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।कस्बा नदीगांव के मुहल्ला कटरा निवासी शशिकांत दुबे पुत्र अबधविहारी ने नदीगांव थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार को करीब 9 बजे मुहल्ले के ही लालमुहम्मद ने उसके बेटे लवकुश के सिर में लाठी से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और विरोध करने पर लालमुहम्मद गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। वहीं उक्त घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी लालमुहम्मद के खिलाफ दफा 308, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### जहर देकर विवाहिता की हत्या

**एटा।** अतिरिक्त दहेज की पूर्ति न होने पर ससुरालीजनों द्वारा एक विवाहिता की जहर देकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। मामले की रिपोर्ट मृतका के पिता ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज कराई है। जनपद मैनपुरी के बिछवां थानान्तर्गत ग्राम भोजपुर निवासी सुरेश पुत्र लोचन सिंह ने बताया कि उसने अपनी बेटी चंचल की शादी यथाशक्ति दानदहेज देकर राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रट्टे निवासी अनिल पुत्र करनसिंह के यहां की थी। शादी में दिए दहेज से नाखुश ससुरालीजनों द्वारा चंचल का उत्पीड़न किया जाने लगा। इसकी शिकायत पीड़िता ने मायके वालों से की। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने जहर देकर चचंल की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट अदालत के आदेश से अनिल समेत तीन के खिलाफ दर्ज कराई गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### शादी का झांसा देकर महिला को किया अगवा

**एटा।** अलीगंज क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर के एक व्यक्ति ने बताया है कि कासगंज के पटियाली थानान्तर्गत ग्राम हकीमगंज निवासी विकास पुत्र सुरेश वादी की पत्नी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोप यह भी है कि आरोपी और उसकी पत्नी घर से जेबरात एवं नगदी भी ले गई है। काफी तलाश करने के पश्चात भी दोनों का सुराग नहीं लगा है।

## नीलामी 18 फरवरी को

**देवरिया ।** अध्यक्ष नीलामी समिति जनपद न्यायालय देवरिया अजय कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद न्यायाधीश के आदेशो के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश के शासकीय आवास पर ख?ी अम्बेस्डर कार संख्या- . 52 ष्ठ 3333 ,.क्क 52 क्क414 एवं .क्क 52 क्क848 की नीलामी 18 फरवरी को अपरान्ह् 1.30 बजे अपरान्ह दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दस कक्षीय भवन के सभागार कक्ष में सम्पन्न होगी। नीलामी में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा मु0-5,000/- (पाँच हजार रुपये मात्र) की धनराशि जमानत के रुप में नजारत जजी देवरिया में जमा करना होगा। जिस बोलीकर्ता के पक्ष मे नीलामी अंतिम रुप से स्वीकृत होंगी, उसके पक्ष में संबंधित वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र स्थानान्तरित होने के पश्चात ही वाहन उसे हस्तगत की जाएगा नीलामी की अंतिम बोली का निर्णय जनपद न्यायाधीश द्वारा होगा । सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) परिवहन विभाग देवरिया यू.पी. द्वारा संदर्भित अम्बेसडर कारो का अनुमानित मूल्य क्रमशः 19,000/-, 16,000/- एवं 16,500/- रुपये तय नियत किया गया हैं

## भारत का बजट विकास को देगा नयी गति

**सलेमपुर।**

सलेमपुर में भाजपा के मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्टेशन, कौशल को समाहित किया गया है। इस सर्वहितकारी बजट का लाभ हर एक वर्ग को मिलेगा। सलेमपुर स्थित एक जलपान गृह में प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का बजट विकास को नई गति देगा।

मीडिया प्रमुख ने कहा कि पीएम मोदी के दिल में किसान हैं। यही कारण है कि कृषि मंत्रालय को 131 हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस वर्ष धान की फसल की एमएसपी पर भी खरीद लगभग दोगुनी हो गई है। मंडियों को डिजिटल व्यापार से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।1000 मंडियों को डिजिटल प्रणाली से जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। प्रदेश को दो ट्रेनों का तोहफा भी दिया गया है। केंद्रीय बजट दूरदर्शी है। बजट में कर दाताओं पर बोझ



नहीं डाला गया है। मध्यमवर्ग, किसान, व्यापारियों सबका ख्याल रखा गया है। पूरे देश ने बजट को सराहा है। यह बजट देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला और विकास की गति तेज करने वाला है। अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि पिछले छह वर्षो में महिलाओं को उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, शौचालय आदि की सुविधा दी गई।मोदी सरकार में डिजिटल इंडिया को ब?ावा मिला है। आयुष्मान योजना से 50 करो? लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिली है। स्वच्छता, आयुष्मान, सभी घरों में बिजली, इंटरनेट की सुविधा से कोरोना संकट के दौरान लोगों को घर मे रहने में आसानी हुई। इंटरनेट से बच्चों की प?ाई हो सकी। यदि इन क्षेत्रों में सरकार ध्यान नहीं देती तो कोरोना संकट का सामना करने में दिक्कत होती।कोरोना जैसी समस्या के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा जो बजट पेश किया है वह देश के लिये उत्थानपरक बजट है।

### राहुल पर साधा निशाना, सपा-बसपा को भी कोसा

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि वे हताश व निराश हैं। उनके एक फीसदी लोगों के लिए बजट वाले बयान पर पलटवार किया और कहा कि वे एक फीसदी लोगों के नेता हैं। केंद्रीय मंत्री ने सपा और बसपा को आड़े हाथ लिया और कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान सपा व बसपा ने समर्थन दिया था, मगर प्रदेश को कुछ नहीं मिला था।

## मदनपुर गोला बाजार में लगी आग से खाकर लाखों का सामान हुआ खाक

**रूद्रपुर,/ देवरिया ।**

मदनपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर गोला बाजार में 7/8 फरवरी की रात आग लगने से चार दुकानदारों के लगभग दस लाख रुपये के सामान व नगदी जल जाने की सूचना है।इस सम्बददाता ने घटनास्थल का जायजा लिया,आग लगने से उठी लपटों को देख कर आसपास के लोगो सहित थानाध्यक्ष मदनपुर अपने सहयोगियों सहित मौके पर पहुँच कर आग बुझाने में लग गए।आग बुझाने के क्रम में खप?ैल का पूरा मकान भी ध्वस्त हो गया।मकान में दुकान कर रहे प्रेम किसन का मोबाइल विक्री व मरम्मत के साथ आधार कार्ड से रुपये निकलने का कार्य था,उसी बगल में कैलाश की किराने की दुकान, मुन्नी देवी की दुकान व उसी मकान में सब्जी विक्रेता मुर्तजा की दुकान पूरी तरह से जल कर नष्ट हो गयी।आग से चारो व्यवसायियों के दस लाख से ऊपर के सामान व नकदी के जल जाने की सूचना है,घटना की जानकारी मिलते ही हलका लेखपाल



ने क्षति के आंकलन कर, रिपोर्ट शासन को प्रेषित करने हेतु मौका मुआयना किया।प्रधान प्रतिनिधि, भावी प्रत्याशियों , सहित बड़ी संख्या में एकत्र आस पास के ग्रामीणों ने पीडित परिवार को ढाढस बंधाने व सरकार से पर्याप्त आर्थिक सहयोग दिलाये जाने की मांग की ।घटना स्थल पर कवरेज हेतु गए एक मीडिया कर्मी ने भी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग किया।प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि मैं इन ब्यवसाईपरिवारो को आवास व सरकारी सहयोग दिलाने का प्रयास कर रहा हूँ।घर की महिलाओं का रो रो के बुरा हाल है।ब्यवसाय के साथ घर भी ध्वस्त हो गया है।

## अमखेड़ा गौशाला की व्यवस्थायें देख सीडीओ हुए गदगद

**माधौगढ़/जालौन**

विकास खण्ड माधौगढ़ के अन्तर्गत ग्राम अमखेड़ा में बनी अस्थायी गौशाला का मुख्य विकास अधिकारी ने बारीकी से निरीक्षण किया तो वह व्यवस्थाओं को देख संतुष्ट नजर आये।

शासन प्रशासन ने अपना पूरा जोर गौशालाओं के लेकर दिया है ताकि किसानों को आवारा जानवरों से किसी तरह निजात दिलायी जा सके हालांकि यदि कहा जाये तो आवारा जानवरों की समस्याओं के बीच किसानों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ जाती है। कहीं फसल वृष्टि तो कहीं किसानों की थोड़ी भी नजर हटने पर जानवरों द्वारा फसल चट कर जाना यदि कहा जाये तो जिम्मेदारों का गौशाला पर विशेष पहल करना जरूरी है। गौशाला की व्यवस्थाएं भूसा, पानी, सर्दी से बचाव व अन्य जरुरत के तौर पर गायों की व्यवस्था करना। अमखेड़ा में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने बनी अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया।

जिसमें अधिकारी ने गौशाला की व्यवस्था को देखकर संतुष्टि जतायी व निवर्तमान ग्राम प्रधान रामशरण दौहलिया की जमकर तारीफ की। गौशाला में जानवरों की सर्दी व चारा पानी की व्यवस्था संतोष जनक पायी गयी। इस दौरान निरीक्षण में पशु चिकित्साधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी दीपक यादव, ग्राम विकास अधिकारी सुनील सोनकर, विश्वनाथ सिंह, सुमित व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### सीडीओ ने प्रत्येक कार्यालय में रोजगार हेल्प डेस्क स्थापित करने का दिया निर्देश

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने बताया है कि प्रत्येक विभाग, संगठन, प्राधिकरण आदि को प्रत्येक कार्यालय में एक रोजगार हेल्प डेस्क बनाए जाने का निर्देश दिया गया है। इस हेल्प डेस्क पर उस विभाग से सम्बन्धित रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने वाले कार्यक्रमों का लाभ उठाकर रोजगार, स्वरोजगार पाने का इच्छुक होगा. उसका विवरण रखा जायेगा तथा समय-समय पर विभिन्न योजनाओं में लाभार्थी चयन के समय उसको सूचित करके बुलाया जायेगा तथा पात्रता के आधार पर सम्बन्धित कार्यक्रमों में चयनित किया जायेगा।

## एआईएमआईएम ने निर्धनों को बांटे गर्म कपड़े

**कोंच/जालौन ।**

एआईएमआईएम पार्टी के तत्वावधान में रविवार को कोंच में बड़ी माता मंदिर के समीप स्थित चौधरी धाम में निर्धनों को सर्दी से बचाव हेतु गर्म कपड़े बांटे गये। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष हाजी जियाउद्दीन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के बुंदेलखंड प्रभारी आतिफ मुबीन उर्फ राका भाई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में करीब आधा सैकड़ा से अधिक की संख्या में जुटे निर्धनों को आतिफमुबीन ने गर्म कपड़े बांटे। इससे पूर्व यूथ बिंग के जिलाध्यक्ष इमरान रजा, उपाध्यक्ष सज्जीत जाटव डॉ संजीव निरंजन विरगुबा आदि ने बुंदेलखंड प्रभारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं बुंदेलखंड प्रभारी ने इस दौरान मीडियाकर्मियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट



कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में उदयभान ठाकुर, विजय कुशवाहा, अजय द्विवेदी, वाहिद हसन, राहुल वर्मा, इकराम, वाहिद कुरैशी, जाकिर मंसूरी, आरिफ चिराग हुसैन, रफीक अंसारी, असद अहमद, शादाब सिद्दीकी, अमजद खान, महबूब, अभिषेक, आसिफ अली,अंशुल जाटव, वीरेंद्र, महेश आर्या, सलमान कुरैशी, फरद हसन, समकवरेज, राशिद कुरैशी, दयाराम, अलीम कुरैशी, अब्दुल वाहिद, शफीक अंसारी, मुकेश कुशवाहा, रानू कुशवाहा, बाबूराम कुशवाहा, फरीद शाह, महेंद्र, अकरम, अनिल जाटव, रुक्कन, फैज सिद्दीकी आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन सद्दाम ने किया। कार्यक्रम के बाद पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गयी।

जिसके तहत कोंच नगर अध्यक्ष की कमान ददबल कुशवाहा को सौंपी गयी। इसके अलावा कल्लू कुरैशी को जालौन, हाफिज आरिफखान को उरई, हैदर अली को माधौगढ़ व सभासद इमरान अंसारी को कालपी का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**विश्व विजेता टाइम्स**

# लखनऊ

लखनऊ, मंगलवार, 9 फरवरी, 2021



# कर्मचारी कर्तव्य निभाए, सरकार समस्याए निपटाएगी: रमापति शास्त्री

### उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह



**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि कैबिनेट मंत्री समाज कल्याण विभाग रमापति शास्त्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कर्मचारी अपने नैतिक दायित्व निभाए, सरकार उनकी समस्याओं का निस्तारण करेगी। उन्होंने कोविड काल में समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी अधिकारियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि हम लोग भाग्यशाली है जिन्हें इस विभाग में कार्य करने का मौका मिला। हमें समाज के पीड़ित, उपेक्षित वर्ग की सेवा का सुनाहर अवसर प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिशद के अध्यक्ष इ. हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याएं अधिकारियों द्वारा उत्पन्न की गई है। जब सेवा नियमावाली में हमारे देयक, अधिकारों आदि का सम्पूर्ण उल्लेख है तो उससे इतर जिम्मेदारी दिया जाना कही से न्योयोचित नही है। उ0प्र0 समाज कल्याण मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन, कल्याण भवन, लखनऊ के द्विवार्षिक चुनाव में निर्वाचित
पदाधिकारियों,कार्यकारिणीय सदस्यों के शपथ-ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि श्री रमापति शास्त्री, मंत्री समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश तथा हरि किशोर तिवारी, अध्यक्ष व शिव बरन यादव, महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश व कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में रमापति शास्त्री, मंत्री द्वारा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह को शपथ दिलायी गयी, बाल कृष्ण त्रिपाठी, निदेशक समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश द्वारा उपाध्यक्ष-महेन्द्र सिह डोलिया, रजीनश चन्द्र, अपर निदेशक द्वारा महामंत्री-मुकेश चन्द्र जोशी को शपथ दिलाई गई। ई. हरि किशोर तिवारी अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त मंत्री- शोभा, सगठन मंत्री- सौरभ त्रिपाठी, कार्यालय मंत्री- अमन कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष-राम खेलवान, सांस्कृतिक कार्य मंत्री- आशीष कुलश्रेष्ठ व ऑडिटर- मो. सालिम अंसारी को तथा संघ के अध्यक्ष, धर्मेन्द्र सिंह द्वारा कार्यकारिणीय सदस्य-देवेन्द्र सिंह नेगी, विकास गुप्ता, सुरेश कुमार, राम देव, महेश प्रसाद शर्मा, प्रसून कुमार, दिग्विजय सिंह पालनी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रताप सिंह तथा सत्यानन्द त्रिपाठी को ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ दिलायी गयी। संघ के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन मंत्री को दिया, जिस पर मंत्री रमापति शास्त्री द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये गये है। अन्त में बाल कृष्ण त्रिपाठी, निदेशक, समाज कल्याण उत्तर प्रदेष द्वारा समस्त अतिथियों का आभार तथा पदाधिकारियों को शुभकामनाये प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया

## आईएफएस श्रद्धा यादव ने बताये करियर टिप्स

**लखनऊ ।** एलपीएस डायरेक्टर हर्षित सिंह ने आयोजित वेबिनार-कॅरियर टॉक सीरीज, एपिसोड-4, टॉपिक 'वेज टू करियर बिल्डिंग' में बलिया की डी0 एफ0 ओ0 श्रद्धा यादव आईएफएस ने कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को अखिल भारतीय सेवाओं में करियर बनाने के टिप्स दिये। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के शुरुआती दौर से यदि रणनीति बनाकर प्रयास किया जाय तो कम समय में ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। सिविल सर्विसेज की परीक्षाओं का दायरा बहुत बड़ा होता है इसलिए रणनीति बनाया जाना बहुत जरूरी होता है। टाइम मैनेजमेंट के साथ पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों की तैयारी करना आवश्यक होता है। इस प्रकार से अध्ययन करने से तैयारी करने वालों में आत्मविश्वास जागता है, जो तैयारी करने में काम आता है। आजकल सूचनायें बहुत ज्यादा हैं। इसके लिए अध्ययन सामग्री का सही चयन भी सिविल सर्विसेज की तैयारी में अहम भूमिका निभाता है। आपकी नियमित पढाई ही काम आती है। अनुशासित होना जरुरी है। अपने मन में अपने उद्देश्य को सोचते रहिये और लगातार काम करते रहिये। सफलता निश्चित है।

# बाजार खाला में पेशकार की पत्नी ने पति की रिवाल्वर से खुद को मारी गोली

**लखनऊ ।**

अपने व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए लिया गया लाईसेन्सी अस्लहा एक बार फिर अपनो की जान का ही दुशमन साबित हुआ। बाजार खाला के टिकैतगंज मे रहने वाले एक पेशकार की 50 वर्षीय पत्नी ने अपनी अपने पति की लाईसेन्सी रिवाल्वर से खुद को ही गोली मार ली। गम्भीर हालत मे उन्हे अस्साल मे भर्ती कराा गया है जहां उनकी हालत अत्यन्त नाजुक बताई जा रही है। इन्स्पेक्टर के अनुसार मामला आत्महत्या का ही है। जानकारी के अनुसार बाजार खाला के टिकैतगंज एलआईजी कालोनी मे 50 वर्षीय मधु दिक्षित और 8 वर्ष की बेटी के साथ रहने वाले कौशल दिक्षित सरोजनी नगर तहसीलदार के पेशकार है। कौशल की 18 फरवरी 1995 मे मधु दिक्षित के साथ विवाह हुआ था उनके आठ साल की एक बेटी भी है। मधु ने आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे उस समय घर मे रख्खी अपने पति की लाईसेन्सी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली जब उनके घर मे उनके पति के अलावा बेटी, भांजी समीक्षा और भाजा भी मौजूद था। गोली की आवाज सुन कर जब घर के लोग उनके कमरे मे गए तो मधु कमरे मे लहुलुहान पड़ी हुई थी । सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस ने लहु लुहान मधु को अस्साल मे भर्ती कराया जहा मधु की गम्भीर हालत को देखते हुए उन्हे लाईफसपोर्ट सिस्टम वेन्टीलेटर पर रखा गया है। इन्स्पेक्टर बाजार खाला धनन्जय सिंह के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत होता है लेकिन आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नही हुआ है। भले ही पुलिस को अभी मधु द्वारा अपने पति की लाईसेन्सी रिवाल्वर से गोली मारे जाने का कारण स्पष्ट तौर से पता न चला हो लेकिन बताया जा रहा है कि कौशल और उनकी पत्नी मधु के बीच अक्सर विवाद होता रहता था बताया ये भी जा रहा है कि मधु और कौशल के बीच रात मे भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था लेकिन विवाद की वजह अभी पता नही चल सकी है। पुलिस पूरे मामले की जॉच कर रही है। लाईसेन्सी असलहा पहली बार अपनो की जॉन का दुशमन नही बना है इसे पहले लखनऊ शहर मे ही लाईसेन्सी असलहो से खुद को ही गोली मार कर आत्महत्या किए जाने की अनेक घटनाए सामने आ चुकी है। जरूरत ये भी है किसी को भी असलहे का लाईसेनसी देने से पहले असलहे की सुरक्षा की टेर्अनिग भी जरूर दी जाए ताकि अपनी और अपनो की जान की सुरक्षा के लिए लिया जाने वाला लाईसेन्सी असलहा अपनी या अपनो की जान का दुशमन साबित न हो।



# राजधानी में तीन दिवसीय कला रंग महोत्सव का हो गया आगाज

**लखनऊ ।**



राज्य ललित कला अकादमी के 60वें स्थापना दिवस पर आठ से 10 फरवरी तक चलने वाल तीन दिवसीय कला रंग महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक व महापौर संयुक्ता भाटिया ने समारोह की अध्यक्षता संस्कार भारती के अखिल भारतीय सरंक्षक पदमश्री बाबा योगेंद्र ने किया। उद्घाटन समारोह कैसरबाग स्थित ऐतिहासिक छतरमंजिल परिसर में शुरू हुआ। अकादमी सचिव डा.यशवंत सिंह राठौर ने बताया कि महोत्सव में देशभर के विभिन्न ललित कला विधाओं के लगभग सौ कलाकार पुरस्कृत होंगे। जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, ग्रॉफिक्स, रेखांकन के कलाकारों को लगभग सात लाख से ऊपर की सम्मान राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। यह पहला मौका है जब देशभर में सबसे बड़े पैमाने पर कलाकारों को सम्मानित किया जायेगा। पिछले आयोजनों में देशभर के कलाकारों की 11 कला प्रतियोगिताओं में लगभग एक हजार से ऊपर कलाकार शामिल हुए। यह प्रतियोगिताएं मिशन शक्ति, नारी सशक्तिकरण, नव दुर्गा नौ छवियां, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री जी जयंती और एकता दिवस, कोविड-19, संन्यास से औद्योगिक क्रांति की ओर इत्यादि प्रतियोगिताएं थीं। उन्होंने बताया कि उद्घाटन अवसर पर छतर मंजिल परिसर में प्रदेश की विभिन्न संस्थाओं से आमंत्रित कला प्रदर्शिनियां भी प्रारम्भ की जा रही हैं। इनमें वाराणसी, झांसी, चित्रकूट, अलीगढ़, आगरा, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, बस्ती, गोरखपुर, बुलंदशहर के कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया। 34वीं राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी लाल बारादरी भवन कलादीर्घा में लगी हैं। इसके चयनित कलाकारों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा आठ को स्वातंर्त्य वीर अर्चन चित्रकला शिविर का उद्घाटन होगा। साथ ही नवदुर्गा नौ छवियां प्रतियोगिता, भारत रत्न अटल जी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी के पुरस्कार भी दिये जायेंगे। इसके अतिरिक्त कठपुतली कार्यक्रम, नृत्य नाटिका व लोक गायन प्रस्तुति भी की गई।

# आपीएफने व्यक्ति को परिजनों से मिलवाया, यात्री का खोये बैग सुपुर्द किया

**लखनऊ ।**

अपनी प्रतिबद्ध रेल सेवाओं के संचालन के साथ ही उत्तर रेलवे का लखनऊ मंडल यात्री हितार्थ एवं यात्री सेवाओं के प्रति भी पूर्ण जागरूक तथा संकल्पित रहते हुए अपनी सक्रिय भूमिका का संवहन करता है,एवं इसी क्रम में लखनऊ स्टेशन पर रात्रि ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारी द्वारा गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 01 पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में बैठा देखा गया तथा ड्यूटी स्टाफ द्वारा पूछताछ करने पर उसने सद्भावना एक्सप्रेस से जाना बताया लेकिन पुनः अर्ध रात्रि में गश्त के दौरान वही व्यक्ति पुनः अंधेरे में छुपा हुआ दिखाई दिया, संदेह होने पर उसे पुष्टि के लिए पोस्ट पर लाया गया तथा समस्त स्थिति को संज्ञान में लेते हुए अमुक व्यक्ति से गहन पूछताछ की गई तो जानकारी प्राप्त हुई कि यह व्यक्ति चार-पांच दिन से घर से भागा हुआ है एवं उसने अपना नाम नितिन पाठक पुत्र रमाशंकर पाठक उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम नदई पुर थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़ बताया सदोपरांत उक्त व्यक्ति को अपनी सुपुर्दगी में लेते हुए उसे पोस्ट पर बैठा कर उनके परिजनों को संदेश प्रसारित किया गया जिसके पश्चात उसके परिजन प्रशांत मिश्रा पुत्र शेषमणि मिश्रा निवासी एफ ब्लॉक 3335 राजाजीपुरम लखनऊ के पहुंचने पर उक्त व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करते हुए समस्त आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त उस व्यक्ति को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 04650 के ँ5 कोच में यात्री मोहम्मद कलीम बाराबंकी स्टेशन पर गाड़ी में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे तभी गाड़ी चल पड़ी एवं उनके द्वारा गाड़ी में रखा बैग गाड़ी के साथ ही चला गया एवं यात्री गाड़ी में नहीं चढ़ सका इस बैग की सूचना यात्री द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को दी गयी एवं इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त सूचना फैजाबाद स्टेशन भेजी गयी एवं गाड़ी के फैजाबाद स्टेशन पहुँचने पर इस बैग को ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में लेते हुए फैजाबाद स्टेशन पर उतारकर कार्यालय में रख लिया गया एवं यात्री के आने पर उस बैग को चौक कराकर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सही सलामत यात्री के सुपुर्द किया गया बैग में पुराने इस्तेमाल कपड़े व तीन सेट नए कपड़े थे जिसकी कीमत लगभग ध5000 है। उपरोक्त दोनों कार्यो के लिए यात्रियों ने रेल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की।

## एक नज़र में

### राजाजीपुरम् में पाइपलाइन गैस कार्य का शुभारंभ

**लखनऊ ।** राजाजीपुरम् के एफ ब्लाक में पाइपलाइन गैस के कार्य का शुभारंभ हुआ। इससे क्षेत्र के हजारों परिवारों को सस्ती व सुरक्षित रसोई गैस उपलब्ध होगी। महिलाओं को हो रही परेशानी को देखते हुये इस योजना को प्रारंभ किया गया। क्षेत्रीय सभासद शिवपाल सांवरियां के प्रयासों से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। पाइपलाइन ग्रीन गैस कार्य का शुभारंभ भाजपा के मंडल अरविंद मिश्रा के साथ शिवपाल सांवरिया ने किया। इस अवसर पर मीनाक्षी खनेजा, अभिषेक गुप्ता, दुर्गेश मिश्रा, श्याम सिंह, शालिनी गौतम आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित थे। लोगों ने राजाजीपुरम् क्षेत्र के विकास में इसे एक सराहनीय कदम बताया। वही क्षेत्र के अन्य इलाकों के लिये ग्रीन पाइपलाइन गैस के पंजीकरण हो रहे है।

### घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र में बच्चों ने जाना जैव विविधता का महत्व

**लखनऊ ।** के.एन.एच के सहयोग से विज्ञान फाउंडेशन द्वारा संचालित कार्यक्रम उम्मीदों की उड़ान के अंतर्गत आज घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र, कुकरैल में बाल समूह के बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को घड़ियाल, कछुए,सांप व अन्य सरीसृपों को दिखाया गया अथवा जैव विविधता में इनकी भूमिका से अवगत कराया गया तथा इसी पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र कुकरैल की ओर से नमामि गंगे योजना के अंतर्गत तथा विज्ञान फाउंडेशन द्वारा संचालित कार्यक्रम उम्मीदों की उड़ान के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुप्तप्राय परियोजना के वन संरक्षक मनीष मित्तल जी ने बच्चों को इनाम व प्रमाणपत्र भी दिया। कार्यक्रम में बच्चों को केंद्र का भ्रमण करवाने में रेंज आफिसर मोहम्मद जायर जी,टी एस ए अरुणिमा सिंह,तिस्या दासगुप्ता व विज्ञान फाउंडेशन से अनम, जीतेन्द्र, सरिता,रुकैया व रजनी ने सहयोग किया।

### पाँच दिवसीय लखनऊ फेस्टिकल नृत्य नाटिका का आयोजन

लखनऊ। सूर्या महिला जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय लखनऊ फेस्टिकल के अंतर्गत अवधी-भोजपुरी-लोकगीत लोक नृत्य नृत्य नाटिका का आयोजन आज संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रसिद्ध लोक गायिका कुसुम वर्मा द्वारा किया गया। इस प्रस्तुति की मुख्य अतिथि सयुंक्ता भाटिया महापोर, लखनऊ थी, जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की प्रस्तुति में देव गीत- एक मन करे, सोहर, अंगना मा, सरौता कहाँ भूल, भोजपुरी- तोहरा से राजी, शगुन बोले चिरई, नृत्य नाटिका, कृष्ण का मनुहार, देवी मेरो आगना में आयी। सयोजिका, रमा जायसवाल, गायिका - कुसुम वर्मा, सह-गायिका, बरखा श्रीवास्तवा, नृत्यांगना, तन्मया और कोमल, ऑर्गन, अरविन्द वर्मा, ढोलक, प्रदीप कुमार, ऑक्टोपैड, रामप्रकाश, प्रेक्षाग्रह व्यवस्था , सत्यवान जायसवाल, लाइट, तमाल बोस,हिमांशु। इस रंगारंग कार्यक्रम का दर्शको ने खूब लुफ्त उठाया।

# रोजगार दिलाने में नाकाम सरकार ले रही झूठ का सहारा: वंशराज दुबे

**लखनऊ।**

युवाओं को रोजगार दिलाने में नाकाम उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ अपनी नाकामी छिपाने के लिए झूठ का सहारा लेने लगे हैं। एक तरफ प्रदेश के युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं तो दूसरी तरफ सरकार विज्ञापनों के जरिए उन्हें रोजगार देने का ढिंढोरा पीट रही है। मुख्यमंत्री भी इसमें पीछे नहीं हैं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में नियुक्तियों के संबंध में उनका झूठ एक आरटीआई के जरिए सामने आया है। ये बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे ने कहीं। उन्होंने कहा कि 2017 में 90 दिनों के अंदर प्रदेश भर में खाली सभी पदों को भरने की बात करके सत्ता में आई योगी सरकार ने रोजगार के मुद्दे पर नौजवानों के साथ सिर्फ छल करने का काम किया है। कभी योगी जी कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में नौकरियां तो बहुत हैं, लेकिन यहां का नौजवान उसके लायक नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के नौजवानों को नालायक समझने वाले आदित्यनाथ जी जरा यह बताएं कि सितंबर 2020 में ट्वीट करके 2017 से 2020 तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में 16708 पदों पर नियुक्तियां कर लेने का झूठ क्यों बोला। वंशराज दुबे ने कहा आपके झूठ का पर्दाफाश एक आरटीआई से हो चुका है। इसके जवाब में खुद आपकी सरकार ने बताया है कि 2017 से 2020 तक केवल 12387 पदों पर ही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने भर्तियां निकालीं। ये सारी की सारी भर्तियां आज भी विभिन्न कारणों से लंबित चल रही हैं। वंशराज दुबे ने आरोप लगाया कि नौजवानों को धोखा देने के लिए सरकार ने आकड़े भी बढ़ाकर बताए। कहा प्रदेश के अन्य आयोगों की भर्तियों का भी यही हाल है। उत्तर प्रदेश का नौजवान इस सरकार में किस कदर ठगा गया, आरटीआई से मिली जानकारी इसका प्रमाण है। इस बात से यह सिद्ध होता है कि उत्तर प्रदेश का नौजवान होनहार और लायक है।

## खालिस्तानी आतंकी जगदेव सिंह जग्गा राजधानी में गिरफ्तार


लखनऊ । पंजाब और यूपी पुलिस को सोमवार को लखनऊ में बड़ी कामयाबी मिली। दोनों प्रदेशों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में खालिस्तानी आतंकी जगदेव सिंह जग्गा को गिरफ्तार किया है। जग्गा पंजाब से लखीमपुर के रास्ते लखनऊ आ रहा था। पंजाब पुलिस और यूपी पुलिस ने सोमवार दोपहर उसे सचिवालय चौराहा सेक्टर सी जानकीपुरम से पकड़ लिया। वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के कई मामलों में वांछित था और पंजाब पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। खालिस्तानी आतंकी जगदेव सिंह जग्गा का एक साथी पंजाब में गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ में जानकारी मिली कि सुरक्षित ठिकाने की तलाश में जगदेव सिंह जग्गा लखनऊ जा रहा है। इस जानकारी के आधार पर अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल से इंस्पेक्टर इंद्रदीप सिंह ने नेतृत्व में 10 पुलिसकर्मियों की टीम लखनऊ पहुंची। यहां लखनऊ पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। खालिस्तान समर्थक आतंकवादी परमजीत सिंह पम्मा और मलतानी सिंह का साथी जगदेव सिंह को लखनऊ की विकास नगर पुलिस व पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने दोपहर दो बजे गिरफ्तार किया है। पंजाब के फिरोजपुर जिले के फतेहगढ़ सकरा थाना जीरा गांव निवासी आतंकी पर स्टेट स्पेशल ऑप्रेशन सेल अमृतसर पंजाब में अर्म्स एक्ट समेत करीब नौ मुकदमे दर्ज हैं। जगदेव सिंह उर्फ जग्गा की गिरफ्तारी लखनऊ पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण अभियान के तहत हुई है। इस वांछित आतंकी को स्टेट स्पेशल आपरेशन सेल अमृतसर (पंजाब), क्राइम ब्रांच लखनऊ, सर्विलांस क्राइम ब्रांच व विकास नगर थाना, लखनऊ की संयुक्त पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है।

# उर्दू अकेडमी में सिविल सेवा नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत

**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से सोमवार को गोमती नगर स्थित उर्दू अकेडमी में सिविल सेवा निशुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिति भाषा विभाग के प्रमुख सचिव जितेंद्र कुमार, पुलिस कमिश्नर डॉ. डीके ठाकुर, संस्थान के निदेशक पवन कुमार, राष्ट्रीय विधि विश्यविद्यालय के प्रो. एपी सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाषा विभाग के प्रमुख सचिव जितेंद्र कुमार ने मोबाइल एप की लांचिंग की। इस ऐप के जरिये संस्थान में पंजीकृत सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्रों को सभी मैटीरियल के साथ लाइव क्लास की सुविधा भी मिलेगी। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों से दीप प्रज्जलन के साथ हुई। छात्रओं ने संस्कृत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष डॉ. वाचस्पति मिश्रा ने कहा कि आज बंगाल में संस्कृत का नाम नहीं मिलेगा, जबकि संस्कृत में बड़े बड़े दिग्गज व्यक्ति बंगाल के हैं। ईस्ट इंडिया कंपनी ने आकर सबसे पहले वहां से संस्कृत शिक्षा को नष्ट किया। विलियम जॉन्स का नाम भी सभी जानते हैं। भारत के न्यायाधीश थे। उन्होंने संस्कृत में बहुत से निर्णय दिए हैं। वह बंगाल में संस्कृत के दिग्गज थे। आश्चर्य है कि बंगाल में विलियम जॉन्स जैसा व्यक्ति जहां रहा हो, आज वहां संस्कृत की दुर्दशा है। राजस्थान में संस्कृत महाविद्यालय सरकार की ओर से संचालित हैं। ईस्ट इंडिया कंपनी ने जहां राज किया, वहां संस्कृत के पठन पाठन की व्यवस्था को खत्म किया। एक समय ऐसा था जब संस्कृत में शासन चलता था। यदि राज्य अधिकारी बनना है तो संस्कृत पढ़नी भी अनिवार्य थी। अब विकल्प के रूप में इसको ले रहे हैं। अंग्रेजी को प्राथमिकता दी जाती है। मेरा मानना है कि अब यदि राज्य अधिकारी बनना है तो संस्कृत पढ़नी जरूरी है। संस्कृत के प्रति सहानुभूति का भाव रखें। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान बनाने के समय जब बात उठी थी कि इसकी भाषा क्या होनी चाहिए तो डॉ अंबडेकर ने भी कहा था कि संस्कृत। संस्कृत भारत की राजभाषा होनी चाहिए। मुख्य अतिथि भाषा विभाग के प्रमुख सचिव जितेंद्र कुमार ने मोबाइल एप की लांचिंग की। इस ऐप के जरिये संस्थान में पंजीकृत सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्रों को सभी मैटीरियल के साथ लाइव क्लास की सुविधा भी मिलेगी।

# राज्यपाल ने 'मध्य जोन कुलपति सम्मेलन' का किया उद्घाटन



**लखनऊ ।**

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सबसे बड़ी विशेषता 2030 तक सौ प्रतिशत युवा और प्रौढ़ साक्षरता की प्राप्ति करना है। पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अमलीकरण को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं सदी के भारत के सामाजिक और आर्थिक जीवन को नई दिशा देने वाली है। प्रधानमंत्री की संकल्पना है कि देश के विश्वविद्यालय गुणवत्ता रैंकिंग में सुधार करते हुए सौ तक की रैंक प्राप्त करने के लिए हर सम्भव प्रयास करें । इस दिशा में विदेशी विश्वविद्यालयों से समझौता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं श्री श्री विश्वविद्यालय, कटक, उड़िसा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मध्य जोन कुलपति सम्मेलन' का आज राजभवन लखनऊ से ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों का संघ देश में उच्च शिक्षा के प्रमुख संस्थानों में से एक है जिसे 1925 में देश की उच्च शिक्षा प्रणाली को आकार देने के लिए स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि इस संगठन से डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ0 जाकिर हुसैन, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं विचारकों ने इस संगठन के अध्यक्ष रहते हुए, न केवल इसे सींचा तथा पल्लवित किया, बल्कि अपनी विद्वता से उच्च शिक्षा को उसके उच्चतर स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारत की परम्परा, विरासत, सांस्कृतिक मूल्यों एवं तकनीकी ज्ञान तथा कौशल विकास में समन्वय स्थापित करने का सफल प्रयास किया गया है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति में कई अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में एक मजबूत अनुसंधान, संस्कृति तथा अनुसंधान क्षमता को बढ़ावा देने के लिए नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत 'राष्ट्रीय अनुसंधान फाउण्डेशन' का सृजन के साथ ही चिकित्सा एवं कानूनी शिक्षा को छोड़कर समस्त उच्च शिक्षा के लिए 'भारत उच्च शिक्षा आयोग' का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-2022 के बजट में केन्द्र सरकार ने न सिर्फ अच्छी शिक्षा पर फोकस किया है, बल्कि लोगों के कौशल में निरन्तर वृद्धि होती रहे इसके लिए भी कई घोषणाएं की है।

## बच्चों में सिखने की भावना अधिक होती है: आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ ।** आंगनबाड़ी का शिक्षण कार्य अति महत्वपूर्ण होता है, किन्तु कोरोना के कारण आधी-अधूरी शिक्षा हो पाई। लेकिन अब विद्यालय खुल रहे हैं शिक्षकों को अब पूरी तन्यमयता के साथ शिक्षण कार्य करना चाहिए। यह विचार उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज विकास खण्ड सरोजनीनगर के ग्राम धामापुर में 40 आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों को खेल-खेल में शिक्षण कार्य से जुड़े खेलकूद के सामान उपलब्ध कराते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अब शिक्षा पद्धति बदल गई है। पूर्व में हम चॉक और स्लेट पर पढ़ते थे लेकिन आज के बच्चों की बौद्धिक क्षमता अधिक है इस दृष्टि से शिक्षा जगत में बदलाव किये जा रहे है, जिन्हें अपनाने की जरूरत है। शिक्षकगण उसी के अनुसार अपने को अपडेट करें। राज्यपाल ने कहा कि नवीनतम शिक्षा पद्धति के तहत आज बच्चों को ये सामान उपलब्ध कराये जा रहे है, जो राजभवन की प्रेरणा से डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्ध 26 इंजीनियरिंग कालेजों के सहयोग से दिया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को इनके मिलने से उनमें आकर्षण पैदा होगा और वे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रसन्नता से आयेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे आंगनबाड़ी केन्द्रों को हरहाल में आकर्षण का केन्द्र बनना चाहिए। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को हिदायत दी कि वे अनिवार्य व नियमित रूप से पठन-पाठन एवं खेलकूद सामग्री बच्चों को उपलब्ध करायें। आनंदीबेन पटेल ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों व प्राथमिक विद्यालयों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधि तथा गांव के संभ्रान्त लोग यह प्रयास करें कि गर्भवती महिलाओं का सौ प्रतिशत प्रसव अस्पतालों में ही हो, ताकि बच्चे स्वस्थ पैदा हों। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उचित पोषण के लिये सरकार 5 हजार रूपये उपलब्ध कराती हैं ताकि महिलाओं की उचित पोषण की व्यवस्था हो सके। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिये कि वे गर्भवती महिलाओं से हिसाब का ब्यौरा लेती रहें ताकि यह पैसा व्यर्थ न जाये। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार कुपोषित बच्चों के लिये उचित पोषण की व्यवस्था आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से करती है। कोरोना के कारण अभी तक आंगनवाड़ी केन्द्र बंद थे, किन्तु अब कोरोना धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है और आंगनबाड़ी केन्द्र खुल रहे हैं। अब पुनः राज्य सरकार का पोषण उन्हें मिलने लगेगा। समस्त अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र भेजना सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य तथा अन्य अभिभावक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयें और आहार का परीक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि सबकी जिम्मेदारी है कि गांव में एक भी बच्चा टी0बी0ग्रस्त और कुपोषित न हो। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। राज्यपाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों का हौसला बुलन्द है। उन्होंने कहा कि बच्चों में नेतृत्व की भावना विकसित करें, बच्चों में सिखने की भावना अधिक होती है, हमें उन पर विश्वास करना चाहिए। अतः शिक्षकगण उन्हें आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करें। गलतियां होती रहती हैं, लेकिन उन्हें सुधारकर आगे बढ़ने की प्रवृत्ति बच्चों में डाले।

# संपादकीय

## मौद्रिक समीक्षा में विकास पर जोर

भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा है. रेपो दर चार प्रतिशत पर और रिवर्स रेपो दर 3.35 प्रतिशत पर बना रहेगा. मौद्रिक नीति समिति ने विगत तीन मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत दरों को यथावत रखा है. रेपो दर 15 सालों के न्यूनतम स्तर पर है. इसमें पिछले साल फरवरी से अब तक 115 बेसिस प्वाइंट की कटौती हो चुकी है. हाल के महीनों में डीजल और पेट्रोल की कीमत में भारी उछाल आयी है, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ने के आसार हैं. चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के लिए उपभोक्ता महंगाई दर (सीपीआइ) के 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले 5.8 प्रतिशत थी. लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से खोलने के बाद आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है, जिससे ऋण की मांग बढ़ने लगी है. इसलिए, नीतिगत दरों में और भी कटौती करने का फिलहाल कोई औचित्य रिजर्व बैंक ने नहीं महसूस किया. मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने कहा कि सरकारी बॉन्ड खरीदने की इजाजत छोटे निवेशकों को भी मिलेगी. यह खरीद-फरोख्त रिजर्व बैंक की निगरानी में होगी. भारत एशिया का पहला देश होगा, जहां छोटे निवेशकों को ऐसी इजाजत मिलेगी. वर्तमान में दुनिया के कुछ ही देशों ने छोटे निवेशकों को ऐसी छूट दी है. इस फैसले से सरकार के कर्ज लेने का फलक व्यापक होगा. आगामी वित्त वर्ष में सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपये कर्ज लेने का लक्ष्य रखा है. रिजर्व बैंक की पहल से सरकार को इस लक्ष्य को हासिल करने में आसानी होगी. इससे गिल्ट बाजार और डेट बाजार के विस्तार की भी उम्मीद है. मौद्रिक समिति द्वारा नीतिगत दरों को यथावत रखने से ऋण दरों में या ऋण की किस्तों में कमी नहीं आयेगी. हालांकि, रिजर्व बैंक के इस कदम से बैंक जमा दरों में भी कटौती नहीं करेंगे, जिससे बुजुर्ग जमाकर्ताओं, जो अमूमन ब्याज की राशि से अपना जीवनयापन करते हैं, को राहत मिलेगी. बैंक अपनी आय बढ़ाने के लिए ऋण ब्याज दर में वृद्धि कर सकते हैं. ऐसा होने पर जमा ब्याज दर में भी बढ़ोतरी हो सकती है. आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में भी नीतिगत दरों के यथावत रहने से जमा ब्याज दर में बढ़ोतरी भी की जा सकती है. उल्लेखनीय है कि ऋण और जमा ब्याज दरों में संतुलन बनाये रखने के लिए जब ऋण ब्याज दरों में कटौती की जाती है, तो जमा ब्याज दरों में भी कटौती की जाती है. इससे बैंक की देनदारी और लेनदारी के बीच संतुलन बना रहता है. भुगतान और निबटान प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए बैंकों की बची हुई 18,000 शाखाओं को भी सितंबर, 2021 तक चेक ट्रंजेक्शन सिस्टम के दायरे में लाया जायेगा, जिसके तहत भुगतान और जमा का पेपरलेस सत्यापन किया जा सकेगा. इसका इस्तेमाल 2010 से किया जा रहा है और इसके दायरे में 1,50,000 से अधिक बैंक शाखाएं हैं. रिजर्व बैंक डिजिटल करेंसी भी जारी करने की योजना बना रहा है, ताकि क्रिप्टोकरेंसी के अवैध लेनदेन पर लगाम लग सके. मौजूदा समय में क्रिप्टोकरेंसी गैर-कानूनी डिजिटल लेनदेन का मुख्य स्रोत बना हुआ है. वर्तमान में बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, प्रीपेड पेमेंट आदि के लिए मौजूद अलग-अलग लोकपाल की जगह एकीकृत लोकपाल की व्यवस्था होगी यानी एक देश-एक लोकपाल की संकल्पना लागू की जायेगी. रिजर्व बैंक जून, 2021 में इंटरनेट आधारित लोकपाल योजना लागू करेगा. इस व्यवस्था से आर्थिक विवाद का दायरा कम होगा, जिससे विवाद में फंसी एक बड़ी राशि का इस्तेमाल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में हो सकेगा. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को ज्यादा पूंजी उपलब्ध कराने के लिए उन्हें भी बैंकों की तरह टैप टार्गेटेड लॉन्ग टर्म रेपो ऑपरेशन से पूंजी हासिल करने की इजाजत रिजर्व बैंक ने दे दी है।

कोरोना महामारी के दौर में पूंजी की कमी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने कामथ समिति की सिफारिश के आधार पर 26 सेक्टरों को इस व्यवस्था से पूंजी प्राप्त करने की सुविधा दी है. सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमियों को भी ज्यादा पूंजी उपलब्ध कराने के लिए कुछ तकनीकी संशोधन होनेवाले हैं. साथ ही, जिन उद्यमों ने पूर्व में बैंकों से कर्ज नहीं लिया है, बैंकों को उन्हें कर्ज देने के लिए प्रोत्साहित करने का भी प्रस्ताव है, ताकि कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में पूंजी की कमी बाधा न बने. साथ ही, रिजर्व बैंक माइक्रोफाइनेंस के विस्तार के लिए भी योजना बना रहा है, क्योंकि माइक्रोफाइनेंस के जरिये ही कमजोर तबके को आर्थिक रूप से सबल बनाया जा सकता है. रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 10.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है. उनका मानना है कि अर्थव्यवस्था में सुधार साफतौर पर दिख रहा है और अगर सुधार की गति बढ़ती है, तो अगले वित्त वर्ष में आर्थिक स्थिति के सामान्य होने का अनुमान लगाया जा सकता है. एक फरवरी को पेश किये गये बजट में भी विकास की गति को तेज करने पर बल दिया गया था और पांच फरवरी को पेश की गयी मौद्रिक समीक्षा में भी रिजर्व बैंक ने महंगाई को नियंत्रण में रखते हुए अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये अनेक उपाय किये हैं।

## आरक्षण को धता बताने की चाल

देश में संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी की परीक्षा को उत्तीर्ण करना बहुत से मेधावी छात्रों का सपना होता है। इस परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवार समाज में रोल मॉडल की तरह देखे जाते हैं। उनके साक्षात्कार जगह-जगह प्रकाशित-प्रसारित होते हैं, जिनमें वे बताते हैं कि किस तरह उन्होंने दिन-रात तैयारी की, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या-क्या त्याग किए। ये सफल उम्मीदवार ही फिर राज्यों से लेकर केंद्र सरकार के मंत्रालयों में अपनी सेवाएं देते हैं। सरदार पटेल ने इन लोकसेवकों को भारत की स्टील फ्रेम कहा था। लेकिन अब स्टील फ्रेम को दरकिनार कर नए ढांचे में राष्ट्र निर्माण की तैयारी केंद्र सरकार ने कर ली है। अब केन्द्रीय मंत्रालयों में निदेशक, संयुक्त सचिव जैसे पदों पर निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए राह खोल दी गई है। सरकारी भाषा में इसे लैटरल एंट्री कहा जा रहा है। आमतौर पर संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा, वन सेवा परीक्षा या अन्य केंद्रीय सेवाओं की परीक्षा में चयनित अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में लंबा अनुभव हासिल करने के बाद संयुक्त सचिवों के पद पर तैनात किया जाता है। लेकिन लैटरल एंट्री नीति के तहत ऐसे लोगों को आवेदन करने योग्य माना गया है, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विस परीक्षा पास नहीं की है। याद रहे कि सितंबर 2019 में केंद्र सरकार ने इसी नीति के तहत नौ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को विभिन्न मंत्रालयों में संयुक्त सचिव नियुक्त किया था। अब एक बार फिर विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव के तीन पदों और निदेशक के 27 पदों के लिए निजी क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और राज्य सरकारों में काम कर रहे लोगों से आवेदन मंगाए हैं। यूपीएससी की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, सरकार ने संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर के अधिकारियों की भर्तियों के लिए आवेदन मंगाए हैं और इसी के अनुरूप राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के इच्छुक प्रतिभाशाली और प्रेरित भारतीय नागरिकों से आवेदन मंगाए हैं। अधिसूचना के मुताबिक, तय वर्षों के अनुभव वाले लोग (संयुक्त सचिव के लिए 15 साल और निदेशक पद के लिए 10 साल) कॉरपोरेट सेक्टर, राज्य कैडर और पीएसयू अधिकारी ही इन पदों के योग्य हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि उम्मीदवारों का विस्तृत विज्ञापन और निर्देश आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे और इच्छुक उम्मीदवार इन पदों पर 22 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी कि संविदा आधार पर संयुक्त सचिव स्तर और निदेशक स्तर के पदों के लिए संविदा पर भर्ती। इच्छुक उम्मीदवार 6 फरवरी 2021 से 22 मार्च 2021 तक आवेदन कर सकते हैं। यह भी एक आश्चर्य ही है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री को इस भर्ती के लिए ट्वीट करने की जरूरत क्यों पड़ी। बहरहाल सरकार के इस फैसले को विपक्ष सही नहीं मान रहा है। आरोप है कि अस्थायी प्रकृति की इस बहाली में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जाएगा तथा यह एक और संवैधानिक संस्था को बर्बाद करने की साजिश है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने निर्मला सीतारमण के ट्वीट के जवाब में लिखा है कि आपको यह बताना चाहिए कि क्या यूपीएससी की चयन प्रक्रिया राष्ट्र निर्माण के लिए इच्छुक, प्रेरित और प्रतिभाशाली उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित करने में विफल हो रही है या चुनिंदा लोग ज्यादा हैं?

# सड़क दुर्घटनाओं के डरावने आंकड़े

- आशुतोष चतुर्वेदी

**अक्सर देखने में आता है कि सड़क किनारे कोई दुर्घटना हो जाती है और कोई मदद को आगे नहीं आता है। नतीजतन अनेक घायलों की मौत हो जाती है. झारखंड सरकार ने घायलों की सहायता के लिए लोगों को प्रोत्साहित का सराहनीय कदम उठाया है। झारखंड कैबिनेट ने सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए 'नेक आदमी' नीति को स्वीकृति दी है।**

सड़कों पर आपको एक से एक आधुनिक बाइक और कारें नजर आ जायेंगी. भीड़ भाड़ भरे स्थानों पर भी तेजी से वाहन चलाते लोग भी मिल जायेंगे. ट्रैफिक नियमों की अनदेखी हमारे समाज में रची बसी है. नाबालिगों का वाहन चलाना और उल्टी दिशा में वाहन चलाना आम बात है. रात में तो ट्रैफिक नियमों का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है. लिहाजा हमारे देश में हर साल डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवा देते हैं. दुनियाभर में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं. हमारे देश में वर्ष 2019 में लगभग 4.81 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, जिनमें 1.51 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई और 4.39 लाख लोग घायल हुए. देश में प्रतिदिन औसतन 415 लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवा देते हैं. आपको यह जान कर आश्चर्य होगा कि दुनियाभर में सबसे अधिक सड़क हादसे भारत में होते हैं. उसके बाद चीन और अमेरिका का स्थान है. हालांकि इसमें कोई साम्य नहीं है, लेकिन विषय की गंभीरता को बताने के लिए है कि एक साल में कोरोना से अब तक लगभग डेढ़ लाख मौतें हुई हैं और उसकी रोकथाम के लिए हम कितने उपाय कर रहे है।

इन सब के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं की ओर हमारा ध्यान नहीं है. इनकी रोकथाम के हम समुचित उपाय नहीं कर रहे हैं. सबसे अधिक दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं और जान गंवाने वालों में सबसे अधिक युवा हैं. आप अंदाज लगा सकते हैं कि किसी युवा का हादसे में चला जाना परिवार पर कितना भारी पड़ता होगा. नये बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने के लिए नयी स्क्रैप पॉलिसी की घोषणा की है. इसके बाद यह विषय विमर्श में आया है. नयी नीति के मुताबिक, 20 साल से पुराने लाखों वाहनों को स्क्रैप किया जायेगा. माना जा रहा है कि इससे गाड़ियों की वजह से होने वाले प्रदूषण में 25 से 30 फीसदी की कमी आयेगी. साथ ही पुराने वाहन अनेक बार दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं. उसमें भी सुधार आयेगा. परिवहन मंत्रालय ने भी कहा है कि नयी स्क्रैप पॉलिसी के आने से ऐसे वाहनों के उपयोग में कमी आयेगी, जो पर्यावरण को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं. मंत्रालय का कहना है कि वाणिज्यिक वाहन वाहनों से होने वाले कुल प्रदूषण में लगभग 65-70 फीसदी योगदान करते हैं. इसमें पुराने वाहनों का भारी योगदान होता है और ये अनेक बार दुर्घटना के कारण भी बनते हैं. बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल संस्करणों में ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब हम किसी बड़े सड़क हादसे की खबर न पढते हों. ऐसा नहीं कि केवल आम आदमी ही इन हादसों को शिकार होता हो. कुछ समय पहले केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे. कर्नाटक के अंकोला में उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गयी. श्रीपद नाइक कर्नाटक में धर्मस्थल से गोवा लौट रहे थे. इस हादसे में मंत्री की पत्नी और निजी सचिव की मौत हो गयी थी. देश में एक बड़ी समस्या घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने की है. लोग पुलिस की पूछताछ से बचने के लिए घायलों की अनदेखी कर देते हैं. अक्सर देखने में आता है कि सड़क किनारे कोई दुर्घटना हो जाती है और कोई मदद को आगे नहीं आता है. नतीजतन अनेक घायलों की मौत हो जाती है. झारखंड सरकार ने घायलों की सहायता के लिए लोगों को प्रोत्साहित का सराहनीय कदम उठाया है. झारखंड कैबिनेट ने सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए 'नेक आदमी' नीति को स्वीकृति दी है. इसके तहत घायलों को दुर्घटना के प्रथम घंटे में अस्पताल पहुंचाने में मदद देने वाले व्यक्ति को 'नेक आदमी' का तमगा देते हुए सम्मानित किया जायेगा और इनाम दिया जायेगा. इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि उसे पूछताछ के नाम पर पुलिस तंग न करे. अत्यावश्यक होने पर पूछताछ के लिए ऐसे लोगों को पुलिस अगर बुलायेगी, तो प्रत्येक बार उस व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि भी देगी. हाइवे और अन्य सड़कों पर जहां-तहां सड़क किनारे खड़े वाहनों की वजह से भी अक्सर हादसे होते हैं. दूर से यह पता नहीं चल पाता है कि वाहन चल रहा है कि रुका है? सर्दी के मौसम में जब दिखाई देना कम हो जाता है, तो यह समस्या और गंभीर हो जाती है. जब तक आगे वाले वाहन के करीब पीछे की गाड़ी पहुंचती है, तब तक देर हो जाती है और लोग बेवजह मारे जाते हैं. पूरे देश में ऐसे सड़क हादसे होते हैं और हम अब तक इस समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पाये हैं. इसके अलावा, तेज गति से वाहन चलाना, सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करना, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल पर बात करना, शराब पीकर वाहन चलाना, मोटर साइकिल चालक और सवारी का हेलमेट नहीं लगाना भी हादसों के कारण बनते हैं. हादसे की एक अन्य वजह है- गलत दिशा में वाहन चलाना. यह समस्या आम है. कई बार सड़क हादसों में वाहन सवार लोगों की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो जाती है. केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उम्मीद जतायी है कि उनका मंत्रालय अनेक उपाय अपना रहा है और वर्ष 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतों में लगभग 50 प्रतिशत तक कम आ जायेगी. गडकरी ने कहा कि प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में 415 लोगों की मौत हो जाती है और सड़कों पर लोगों के जीवन की रक्षा सुनिश्चित करने के काम को तेज करने की जरूरत है. उन्होंने बताया कि तमिलनाडु ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है. वहां सड़क हादसों और उसके कारण होने वाली मौतों की संख्या में 53 फीसदी की कमी आयी है. वैसे तो पिछले साल लॉकडाउन और अन्य पाबंदियों की वजह से पूरे देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बड़ी कमी आयी है, लेकिन तमिलनाडु लगातार इस क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है. नितिन गडकरी ने कहा कि दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान करने, घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए 13 मिनट के भीतर घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचाने, दुर्घटना की जगह की समुचित मरम्मत करने और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के मामले में तमिलनाडु मॉडल को देशभर में अपनाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि सरकार सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान करने और उसके समाधान के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी. हम सभी को यह जान लेना जरूरी है कि सड़क दुर्घटनाओं के कारण न केवल जान की क्षति होती है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर पड़ता है. सड़क हादसा केवल कानून व्यवस्था का मामला भर नहीं है, बल्कि एक सामाजिक समस्या भी है. अगर हमें सड़क हादसों से बचना है, तो हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना होगा. साथ ही युवाओं को इस बारे में लगातार आगाह करते रहना होगा।

# किसान आंदोलन से अप्रभावित और निश्चिंत सरकार का रूखा सा बजट

- डॉ राजू पाण्डेय

इस वर्ष का आम बजट वह अवसर था जब आंदोलित किसान यह आकलन कर सकते थे कि सरकार क्या वास्तव में उनकी मांगों को लेकर गंभीर है? आम जन भी यह मूल्यांकन कर सकते थे कि सरकार के मंत्रियों और प्रवक्ताओं द्वारा मीडिया में बार बार किया जाने वाला यह दावा कि उनकी सरकार स्वतंत्र भारत की सर्वाधिक किसान हितैषी सरकार है, क्या सचमुच सत्य है? यह कहना कि बजट किसानों के लिए निराशाजनक है, सरकार की रणनीतिक उदासीनता और कठोरता को कम कर आंकना होगा। दरअसल सरकार इस बजट के माध्यम से किसानों को यह संदेश देना चाहती है कि उनके आंदोलन से प्रभावित होकर वह अपनी प्राथमिकताओं में बदलाव करने वाली नहीं है बल्कि किसानों के लिए पिछले बजटों में जो थोड़े बहुत प्रावधान किए गए थे उन्हें लेकर भी वह कंजूसी बरतने का दुस्साहस अवश्य करने वाली है। यदि विगत वर्ष से तुलना करें तो सम्पूर्ण बजट में कृषि और अन्य सहायक गतिविधियों के लिए आबंटन में इस वर्ष कटौती की गई है। पिछले वर्ष यह आबंटन 1.54 लाख करोड़ था जबकि इस वर्ष आबंटित राशि 1.48 लाख करोड़ रुपए है। यदि सम्पूर्ण बजट में कृषि की हिस्सेदारी की बात करें तो पिछले वर्ष के 5.1 प्रतिशत से घटकर यह इस वर्ष 4.3 प्रतिशत रह गई है। कम से कम पिछले सालों के बजट भाषणों में कृषि और किसानों का प्रारंभ में ही जिक्र होता था और घोषणाएं कागजी होती थीं और इनसे किसानों की बदहाली और गरीबी खत्म करने में कुछ खास मदद नहीं मिलती थी। किंतु इस बार तो ऐसा भी कोई प्रयास नहीं हुआ। बजट भाषण में कृषि का उल्लेख बहुत बाद में आया और लगभग उतनी ही अनिच्छा से इसकी चर्चा हुई जितनी उपेक्षा से किसानों के लिए यह बजट बनाया गया है। किसानों को बेहतर आय देने और बाजार में हस्तक्षेप द्वारा किसानों को उचित मूल्य दिलाने हेतु पिछले बजटों से संचालित प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान(पीएम-आशा) तथा मार्केट इंटरवेंशन स्कीम एवं प्राइस सपोर्ट स्कीम के लिए आबंटित फण्ड में प्रति वर्ष कटौती की जा रही है और अब इनके लिए आबंटन इतना कम है कि इसे आवश्यकता की तुलना में नगण्य कहा जा सकता है। अनेक स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा एकत्रित आंकड़े यह बताते हैं कि कीमतों के समर्थन मूल्य से नीचे चले जाने के कारण किसानों को प्रतिवर्ष लगभग 50000 करोड़ रुपए का नुकसान होता है, इसके बावजूद सरकार द्वारा इन महत्वपूर्ण योजनाओं के फण्ड में वृद्धि के स्थान पर की जा रही लगातार कटौती यह दर्शाती है कि सरकार एमएसपी के मामले में जरा भी गंभीर नहीं है। आपरेशन ग्रीन के संबंध में कहा गया कि अब इसमें पूर्व सम्मिलित 3 फसलों (टमाटर,प्याज,आलू) को बढ़ाकर 22 अन्य खराब होने वाली फसलों को शामिल किया जाएगा। किंतु वस्तुस्थिति यह है कि इसके अधीन केवल 5 प्रोजेक्ट सैंक्शन हुए हैं और इनमें से किसी पर भी काम शुरू नहीं है। अनेक कृषि अर्थशास्त्रियों एवं किसान नेताओं ने कोविड-19 और मंदी से कृषि तथा उसके सहयोगी क्षेत्रों को उबारने का दावा करने वाले आत्मनिर्भर भारत पैकेज के खोखलेपन पर सवाल उठाए हैं और नवीनतम इकॉनॉमिक सर्वे को देखें तो इनके सवाल एकदम जायज लगते हैं। वर्तमान इकॉनॉमिक सर्वे के वॉल्यूम 2 के चैप्टर 7 के अनुसार आत्मनिर्भर भारत पैकेज में घोषित एक लाख करोड़ के बहुचर्चित एग्रीकल्चर इंफ्रा फण्ड में से मई 2020 से अब तक कुछ भी खर्च नहीं हुआ है। जनवरी 2021 के मध्य तक इसमें से केवल 2991 करोड़ रुपए के अनुबंध हस्ताक्षरित हुए हैं। यह भी इन प्रिंसिपल कमिटमेंट के स्तर पर हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि अब एग्रीकल्चर इंफ्रा फण्ड एपीएमसी के लिए उपलब्ध होगा किंतु सरकार ने जो आबंटन दिया है वह एकदम नाकाफी और खटकने वाला है। पिछले वित्तीय वर्ष में इस पर सरकार ने अपने खजाने से केवल 200 करोड़ रुपए खर्च किए थे जबकि इस वर्ष सरकारी खजाने से एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड के लिए केवल 900 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसी प्रकार 15000 करोड़ रुपए के एनिमल हसबेंडरी फण्ड से भी एक रुपया भी खर्च नहीं हुआ है। पीएम किसान योजना हेतु आबंटन पिछले वर्ष के 75 हजार करोड़ रुपए से घटाकर 65 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस योजना को स्वयं प्रधानमंत्री किसानों की बेहतरी के एक क्रांतिकारी एवं अभूतपूर्व प्रयास की संज्ञा देते रहे हैं किंतु सच्चाई यह है कि पीएम किसान योजना के लाभार्थियों की संख्या चिंताजनक रूप से कम हो रही है। कृषि मंत्रालय की श्पीएम किसान्य वेबसाइट यह दर्शाती है कि इस योजना के तहत कुल 8.80 करोड़ लाभार्थी चिह्नित किए गए थे जिसमें से 8.35 करोड़ लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में दो हजार रुपए दिए गए। दूसरी किस्त में लाभार्थियों की संख्या घटकर 7.51 करोड़, तीसरी में 6.12 करोड़ और चौथी किस्त में केवल 3.01 करोड़ (29 जनवरी 2021 तक) रह गई है। सरकार का यह भी कहना है कि भूमिहीन, किराएदार और बटाईदार किसानों को मनरेगा के माध्यम से सहायता दी जा रही है। किंतु यहां भी सरकारी दावे खोखले हैं। वर्ष 2021-22 के बजट में मनरेगा के लिए 73000 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह राशि वर्ष 2020-21 के संशोधित एस्टीमेट एक लाख ग्यारह हजार पांच सौ करोड़ रुपए से 34.52 प्रतिशत कम कोविड-19 महामारी के दौर में संवेदनशील परिवारों के लिए मनरेगा जीवनदायिनी सिद्ध हुई थी और हम ग्रामीण रोजगार के लिए इस योजना पर बहुत अधिक निर्भर हैं। इसके बाद भी सरकार द्वारा 38500 करोड़ रुपए कम आबंटित करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रधानमंत्री कृषि और किसानों से संबंधित अपने प्रत्येक उद्बोधन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उल्लेख करते रहे हैं। लगभग 50 प्रतिशत किसानों को कवर करने का दावा करने वाली फसल बीमा योजना बमुश्किल 20 प्रतिशत किसानों को ही कवर कर पा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए वर्ष 2020-21 में व्यय 15307 करोड़ रुपए रहा जो बजट एस्टीमेट से 388 करोड़ रुपए कम था। इस वर्ष बजट एस्टीमेट में 2 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी की गई है। 2016 से प्रारंभ हुई यह योजना निजी बीमा कंपनियों के लिए मुनाफे का सौदा सिद्ध हुई है। वर्ष 2018 के आंकड़े बताते हैं कि 18 बीमा कंपनियों ने वर्ष 2018 में 42114 करोड़ रुपए एकत्रित किए जिसमें से 17 प्रतिशत हिस्सा किसानों से और 83 प्रतिशत भाग केंद्र और राज्य सरकारों से आया था। इसी वर्ष इन निजी बीमा कंपनियों ने 32912 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया था, इस प्रकार ये लगभग 9000 करोड़ रुपए के फायदे में रहीं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि बड़ी संख्या में किसानों के दावों का भुगतान नहीं किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण योजना इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम है जो किसानों को अल्प समय हेतु सब्सिडी वाली ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने से संबंधित है। वर्ष 2021-22 में इसके लिए आबंटन 8 प्रतिशत घटा दिया गया है। जबकि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जो किसानों को किसी न किसी प्रकार की सिंचाई सुविधा देने से संबंधित है) के फण्ड में मामूली बढ़ोतरी की गई है। 28 फरवरी 2016 को प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की थी कि वे स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ अर्थात वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगुनी कर देंगे। इस घोषणा को 5 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 पंद्रह अगस्त 2022 के पहले का अंतिम पूर्ण वित्तीय वर्ष है। इसलिए यह आशा की जा रही थी कि बजट में वित्त मंत्री इस बात का लेखा जोखा प्रस्तुत करेंगी कि सरकार ने किसानों की आमदनी दुगुनी करने के लिए क्या-क्या प्रयास किए और अब तक किसानों की आमदनी कितने प्रतिशत बढ़ चुकी है? किंतु एक सतही उल्लेख के अलावा वित्त मंत्री के बजट भाषण में इस विषय पर कुछ नहीं कहा गया। निश्चित ही यह बजट आंदोलनरत किसानों को सरकार का रूखा सा जवाब है कि वे जो चाहे कर लें सरकार को रत्ती भर फर्क नहीं पड़ने वाला।

# आज का राशि फल




**मेषः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्क :-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

# रहने के लिये पक्का कमरा व जीवन यापन के लिये करूंगा दुकान की व्यवस्थाः प्रवीण मिश्र

**प्रतापगढ़।**

एक हादसे में अपना दोनों पैर खो चुके उमेश मिश्र की स्थिति जानने व हाल चाल लेने उनके निवास जौनपुर जनपद के ग्राम कुधुवा सिंगरामऊ पहुंचे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के प्रदेश प्रभारी प्रवीण मिश्रा ने उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत नाजुक देखते हुये तत्काल नगद 2100 रुपये की आर्थिक सहायता करते हुये उनके रहने हेतु एक पक्का कमरा और जीवन यापन करने हेतु गांव में एक दुकान की व्यवस्था कराने



की बात कही।प्रवीण मिश्र ने कहा कि मैं केवल कहने वाला नही हूँ ब्राम्हण परिवार के लिये किये गये वादे को पूर्ण करूंगा।साथ ही उन्होंने अन्य ब्राम्हण संगठनों व समाजसेवियों से सहायता के लिये अपील की।गौरतलब है कि उमेश जब तीन वर्ष के थे तभी उनके सिर से पिता का साया उठ गया था।उमेश मुम्बई में जीवनयापन करने हेतु नौकरी करता था लेकिन दुर्घटना में उन्होंने अपना दोनों पैर गवां दिये,घर मे उमेश और उनकी माँ रहती हैं।इस मौके पर विवेक पांडेय,रमन मिश्रा,अर्पित मिश्रा,आशुतोष मिश्रा,चंचल तिवारी,निखिल पांडेय,सूरज मिश्र,बबलू पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## मृत बच्चा पैदा होने के एक सप्ताह बाद प्रसूता ने भी दम तोड़ा

**उन्नाव।** कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के मरौंदा सूचित निवासी रहेमतुन पत्नी नसीम छः माह के गर्भ से थी, अचानक दर्द होने के चलते वह कानपुर हैलट अस्पताल में एक सप्ताह से भर्ती थी। जहां शुक्रवार को डाक्टर ने आपरेशन किया और मृत बच्चा हुआ। शनिवार को परिजन महिला को घर ले आए। घर पहुंचते ही फिर से पेट दर्द हुआ तो परिजनो ने फिर से हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रविवार की सुबह इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

मृतका की बड़ी बहन रेशमा ने ससुरालीजनो पर छोटी बहन को जानबूझकर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मृतका के एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। 12 बर्ष पहले दोनों की मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह हुआ था। चौकी प्रभारी परियर बीरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र कुमारी बाजपेई जी की मनाई गई जयंती




**प्रयागराज**

8 फरवरी 2021 स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र कुमारी बाजपेई जी पूर्व पार्षद पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्व राज्यपाल जी की 97 वी जयंती समारोह के अवसर पर डाक विभाग द्वारा विशेष आवरण व निरूपण का विमोचन ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य श्री वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज तथा प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी जी के द्वारा शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई जी की उपस्थिति में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मिश्रा बंधुओं एवं उनकी टीम द्वारा भजन से किया गया तथा उसके पश्चात विकलांगों को ट्राई साइकिल कुष्ठ रोगियों के लिए किट और गरीबा सहयोग के लिए हजारों की संख्या में साड़ी व कंबल वितरित किया गया कार्यक्रम में सांसद रीता बहुगुणा जोशी पूर्व विधायक अशोक बाजपेई प्रोफेसर रंजना बाजपेई डॉ मनीषा द्विवेदी रामनरेश पिंडी वासा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी अवधेश गुप्ता दिनेश पटेल संजय डी अखाड़े राजेश कुमार वर्मा व पार्षद भोला तिवारी पार्षद कमलेश तिवारी पार्षद पवन भारतीय पार्षद आकाश सोनकर पार्षद मनोज कुशवाहा पार्षद आनंद अग्रवाल पार्षद रामकुमार यादव पार्षद जयेंद्र सरोज शीपू पार्षद मंजीत कुमार की विशेष उपस्थिति रही तथा कार्यकर्ता के रूप में अरुण शुक्ला रोहित तिवारी विक्रांत शुक्ला अमित त्रिपाठी मोहम्मद मुजीब कुलदीपक पांडे गिरजेश द्विवेदी विश्वास रावत बाली शंकर मिथिलेश तिवारी आशु शुक्ला भानु पटेल विकास सिंह शेखर मिश्रा सहित पूरी टीम हर्ष बाजपेई के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### वास्तविक सुख ही जीवन का सुख है



**प्रतापगढ़ ।** मनुष्य जन्म लेता है, इसके पहले चौरासी हजार योनियों मे भटक चुका होता है, दुनिया मे जितने भी जन्म होते है, उनमें मानव जन्म श्रेष्ठ माना गया है, मनुष्य जन्म जीव की वह महत्व पूर्ण कड़ी है, जिसका सार उसके कर्मो पर निर्धारित होता है। मानव जन्म बड़ा दुर्लभ है, और हम बड़े सौभाग्यशाली है, जो आज हमें मानव रूप मे जन्म मिला, यदि हमें मानव के परिधान मे जन्म लेने का सौभाग्य मिल गया है तो क्यों न हम इनका सद्पयोग करें, व अपने अच्छे गुणों द्वारा अपने आपको श्रेष्ठ बनायें। अब यहाँ पर ये प्रश्न उठता है कि, अच्छे गुण है क्या? अच्छे गुण जिनकी मानव जीवन मे महत्वपूर्ण भूमिका है, ये मानव को ऐसे मोड़ पर ले जाता है, जहाँ आनंद ही आनंद है।

ये गुण हमें अच्छे विचार रखना, अच्छे आचरण प्रदर्शित करना, सभ्यता, संस्कृति, धर्म आदि व विभिन्न प्रकार के सत्कर्मो से बांधे रखेंगे, ये सभी गुण हमें श्रेष्ठ गौरवपूर्ण जीवन जीने का रास्ता दिखायेंगे, और हमें हर जगह सम्मान पाने का अधिकारी ठहराएँगे। परंतु आज वर्तमान में मानव अपने मार्ग से विचलित हो रहा है, व मेरी नजर में आज उनमें सुधारात्मक बदलाव की आवश्यकता है। इस समय चारों तरफ लोग आधुनिकता व भौतिक सुखों मे व्यस्त है, उनके जीवन का एक मात्र उद्देश्य है कि, वह किस प्रकार अधिक से अधिक धन आवंटित करे, की उनका घर-परिवार सुखपूर्वक जीवन यापन कर सकें, पैसा एकत्रित करना उनके जीवन का एक मात्र लक्ष्य हो जाता है, वे पैसों को ही सभी सुखों का सर्वश्रेष्ठ श्रोत समझ बैठते है, यहाँ पर ष् सबसे बड़ा रुपैया ष् पंक्ति बिल्कुल सटीक बैठती है। परन्तु सभी ये नही समझते कि, पैसे से वे तरह तरह के सुख तो प्राप्त कर लेगें, परन्तु क्या उनको वो सुख महसूस हो पायेगा...., ष् जो एक माँ को उनके बच्चों से प्राप्त होता है, जो एक गुरु को अपने शिष्यों को आगे बढ़ते देख मिलता है, एक सच्चे व ईमानदार मनुष्य को उनके द्वारा किये गये सत्कर्मो से मिलता है, घर-परिवार, नाते-रिश्ते, इन सबसे वो खुशियाँ मिलती है, जिन्हें कभी पैसों से नही तौला जा सकता।ष

हम पैसों के माध्यम से अंतर्मन का सुख कभी नहीं प्राप्त कर सकते, जिसे सच्चा सुख कहते है। उसे प्राप्त करने के लिये हमें अपने अंदर आत्मविश्वास, गंभीरता, शीतलता आदि गुणों को विकसित कर अपने प्रत्येक कार्य को सच्ची मन लगन व निष्ठा से करना होगा, अपने फर्ज व कर्तव्य को ध्यान मे रखते हुए, सभी के साथ अपने अच्छे आचरण प्रदर्शित करना होगा, व अपने विचारों में सकारात्मकता लानी होगी। सामान्यतः लोग अपनी तकलीफों से नही, दूसरों को आगे बढ़ते देख खुद को परेशान कर लेते है, जबकि ये सज्जन मनुष्यों की श्रेणि मे नही आता, एक सच्चा इंसान अपने साथ अन्य की भी प्रगति के लिए प्रयासरत रहता है, व स्वयोग्य मदद कर अपने साथ-साथ अन्य को भी खुशियाँ बाँटता है। अतः उसके मन में यही विचार होता है- सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरमाया। अंततः मै यही कहना चाहूँगी, आपसब बस कुछ दिन अपने अंदर अच्छाईयों को उतारकर तो देखिये, मै विश्वास दिलाती हूँ कि, वैसा सुखमय आनंद शायद ही कभी भौतिक सुखों से मिला होगा। मै ये नही कहती की भौतिक सुखों का बहिष्कार कर हम सच्चे सुख के भागी होंगे, हमारे जीवन मे भौतिक सुखों का क्या महत्व है हम और आप अच्छे से जानते है। मै तो अपने शब्दों मे बस इतना कहना चाहती हूँ कि, हमें अपने जीवन का संपूर्ण सुख इस भौतिकता मे नही खोजना चाहिए, इनसे परे भी एक दुनिया है, सत्कर्मो की। बस उन्हें अपने अंदर समाहित कीजिये, मै विश्वास दिलाती हूँ जो सुख सत्कर्मो द्वारा मिलेगा, उसके सामने भौतिक सुख रति मात्र लगेगा। मानव आज भौतिक सुख प्राप्त करने की ओर अग्रसर है, परन्तु भौतिक सुख के साथ-साथ वास्तविक सुख भी होने से जीवन के सुख व आनंद का नजारा कुछ और ही होगा। जो हमें श्रेष्ठ जीवन की ओर अग्रसर करेगा, जिससे हम अपने जीवन को गौर्वावित, गरीमापूर्ण व श्रेष्ठ बना सकते है, और हम इन सत्कर्मो से मिलने वाली प्रतिष्ठा, सम्मान, व लोगों के प्यार से जो आनंद की अनुभूति होगी, उसका नजारा कुछ अलग ही होगा, और हम उसी आनंद को अपने शब्दों में ष् वास्तविक सुखष् कहेंगें।

### उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ का वार्षिक अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान अफीमकोठी प्रतापगढ़ के सभगार में प्यारे लाल मिश्रा संरक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष एसपी सिंह प्रांतीय अध्यक्ष, कमलेश मिश्र एवं फेडरेशन के महामंत्री पुनीत त्रिपाठी के द्वारा कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुये एक जुट रहने का आवाह्न किया। तथा कर्मचारियो की समस्याओ पर प्रकाश डालते हुये कहा कि एक रहकर ही किसी भी समस्या का हल निकाला जा सकता है। अधिवेशन में पधारे मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार पाण्डेय का बुकों एवं शाल देकर संरक्षक प्यारे लाल मिश्र, अध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्र, जिला मंत्री नौशाद अहमद तथा विभिन्न विभागों एवं महांसघ के समस्त पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसी क्रम में आये हुये प्रदेश के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा कहा गया कि कर्मचारी ईमानदारी से काम करेंगे ये शासन के अंग है। हमारे स्तर से कर्मचारियों के समस्या का निदान त्वरित गति से किया जायेगा। सभा के अंत में महासंघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्र जिला मंत्री नौशाद अहमद एवं समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसपी सिंह द्वारा शपथ दिलायी गयी। इसके पश्चात् पदाधिकारियों एवं उपस्थित सम्मानित सदस्यों का महावीर प्रसाद तिवारी एवं भुपेन्द्र सिंह सह संरक्षक प्रतापगढ़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## औरास नगर पंचायत स्वच्छ भारत मिशन को दिखा रही है ठेंगा



**गंदगी**

4 कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या, जिम्मेदार बने मौन



**उन्नाव ।**

जहां एक ओर भारत सरकार स्वच्छता को लेकर हर तरह से प्रयासरत है वहीं दूसरी ओर आदर्श नगर पंचायत औरास की गलियां एवं नालियों नालियों में गंदगी और सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न है। स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने वाली नगर पंचायत के वासियों द्वारा अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष को अवगत कराने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत औरास जो कि आदर्श नगर पंचायत कही जाती है जिसके मोहल्ला पसियाना में आज भी सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है और वही दूसरी ओर नालियों के क्षतिग्रस्त होने से जल निकास की व्यवस्था ध्वस्त पड़ी है। मोहल्लेवासियों द्वारा कई बार संबंधित जिम्मेदारों को अवगत कराने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

नगर पंचायत वासियों में शमशेर अली गुड्डी मीना अमर सिंह व चंद्रकली आदि ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मियों एवं जिम्मेदारों द्वारा केवल खानापूर्ति कर राशि निकालने का काम किया गया है और नगर पंचायत में कई ऐसे कार्य अपूर्ण पड़े हुए हैं जिनको अभीतक पूरा नहीं किया गया है। चेयरमैन अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से सरकार की योजनाओं में जमकर बंदरबांट किया जा रहा है।

## अराजकतत्वों ने विद्युत उपकेन्द्र में घुसकर की मारपीट

**मारपीट**

4 एई ने छः नामित व पांच अज्ञात पर दर्ज करायी रिपोर्ट

**उन्नाव ।**

विद्युत सब स्टेशन माखी में शनिवार की रात को शटडाउन न देने से बौखलाए आधा दर्जन से अधिक लोग पहुंचे और गाली-गलौज के साथ ही विद्युत कर्मचारियों के साथ मारपीट कर भाग निकले। अवर अभियंता निशांत यादव ने छः नामित व पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया है और अन्य की तलाश कर रही है।माखी थाना के पास स्थित विद्युत सब स्टेशन पर माखी गांव निवासी जयवीर ने फोन किया और बताया कि केबिल टूट गया है, जोड़ने के लिए शटडाउन दे दीजिए जिसपर सब स्टेशन से मना कर दिया गया। इसी बात से नाराज जयवीर ने पहले तो फोन पर ही गाली-गलौज की और थोडी देर बाद अन्य लोगों के साथ सब स्टेशन पहुंच गए। जहां कर्मचारियो के साथ मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने अवर अभियंता निशांत यादव की तहरीर पर जयवीर, तन्नू सिंह, बउवा, राजेन्द्र, जोगेंद्र, धीरेंद्र सहित पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया है और अन्य लोगों की तलाश कर रही है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मारपीट गाली-गलौज सरकारी कार्य में बाधा सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### अपराधी गिरफ्तार

**उन्नाव।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। माखी के मोहल्ला सरांय थोक निवासी बालेंद्र सिंह पुत्र राजबक्श सिंह पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। अक्टूबर माह में जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बदर की कार्यवाही की थी तबसे वह चोरी छिपे घर पर रह रहा था। शनिवार की रात को मुखबिर की सूचना पर एसआई स्वदेश यादव ने बाबूखेड़ा गांव के पास से उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## 58 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ हुआ सम्पन्न

**प्रतापगढ़।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आज तुलसीसदन (हादीहाल) में विकास खण्ड सदर के 10 जोड़ों व विकास खण्ड मंगरौरा के 14 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार विकास खण्ड मानधाता में 19 जोड़ों (एक दिव्यांग जोड़ा अनीता देवी संग पारसनाथ) एवं विकास खण्ड आसपुर देवसरा में 15 जोड़ों का पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस प्रकार आज जनपद में कुल 58 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) में विधायक सदर राजकुमार पाल, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, मंत्री महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा दीपा तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी सदर आकांक्षा सिंह, समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य सहित अन्य विशिष्ट आगन्तुकों ने वर-वधू को आर्शीवाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सदर विधायक राजकुमार पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से सामूहिक विवाह योजना संचालित कर गरीब, असहाय एवं निर्धन



व्यक्तियों को चिन्ता मुक्त कर दिया है। यह योजना गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। उन्होने सभी जोड़ों को वृक्ष प्रदान करते हुये कहा कि सभी जोड़े अपने-अपने घरों पर वृक्ष लगाये और वातावरण को प्रदूषित होने से बचाये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने वर-वधू को आर्शीवाद देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सभी नये वर-वधू वैवाहिक परिणय सूत्र में बंधकर नये जीवन की शुरूआत करें और सभी जोड़े प्रेम-पूर्वक अपना जीवनयापन करें। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार प्रभाकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रमेश संगीत पार्टी द्वारा विवाह गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम स्थल वर वर-वधू एवं उनके परिजनों के लिये भोजन की भी व्यवस्था की गयी थी।इसी प्रकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड मानधाता में विधायक विश्वनाथगंज के प्रतिनिधि विनोद कुमार पटेल, ब्लाक प्रमुख अजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए रामचन्द्र शर्मा तथा विकास खण्ड आसपुर देवसरा में जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहकर वर-वधू को आर्शीवाद दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कन्या के दाम्पत्य के जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रूपये 51000 प्रदान की जाती है जिसमें रूपये 35000 की धनराशि कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जाती है, विवाह संस्कार के लिये आवश्यक सामग्री (कपड़े, बिछिया, चांदी के पायल एवं सात बर्तन) हेतु रूपये 10000 तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु रूपये 6000 की धनराशि व्यय की जाती है।

## आरोग्य मेले में 140 लोगों ने कराई जांच

**उन्नाव**

बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम जगत नगर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में मरीजों की जांच बाद उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई गई। साथ ही 18 लोगो की कोरोना जाँच की गई। एंटीजन जांच में सभी की रिपोर्ट निगेटिव आयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ0 चंद्रकिशोर के नेतृत्व में आज क्षेत्र के ग्राम जगतनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

मेले में एलोपैथ के शिविर में 56 आयुर्वेद के शिविर में 57 व होम्योपैथ के शिविर में 27 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें गैस सम्बंधित 36 त्वचा के 20 बुखार के 21 लीवर के 11 तथा 13 अन्य



मरीजों का इलाज किया गया। वहीं दो बच्चो को रीड की हड्डी में फोड़ा होने की शिकायत पर उन्हें मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर किया गया। इस दौरान 18 लोगो की एंटीजन किट से कोरोना की जांच की गई। जिसमें सभी को निगेटिव पाया गया। मेले में सगुफ्ता रियाज अहमद पूनम सुनीता पुत्तीलाल मुन्नालाल व इरफान खान आदि मौजूद रहे।

## तूल पकड़ रहा मरीजों को छोड़ विधायक से मिलने का मामला

**मामला**

4 समाजसेवी और राजनीतिक दलों ने निन्दा कर दी तीखी प्रतिक्रिया

**शुक्लागंज-उन्नाव**

नगर के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. आशुतोष वार्ष्णेय मरीजों के स्वास्थ्य का अनदेखा कर राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। ज्ञातव्य हो कि बीते शुक्रवार को सहजनी स्थित निर्मल नगर में आम आदमी पार्टी के जनकपुरी दिल्ली के विधायक राजेश ऋषि उन्नाव विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन करने आए थे। जहां पर पीएचसी प्रभारी डॉक्टर श्री वार्ष्णेय ने इस कार्यक्रम में शिरकत की थी। वहीं मरीजों को दोपहर लगभग 12 बजे छोड़कर कार्यक्रम में चले गए थे। जिसे लेकर अस्पताल में पहुंचे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी थी। उक्त खबर समाचारपत्रों में प्रकाशित होने के बाद नगर के समाजसेवी व राजनीतिक लोगों ने नाराजगी जताते हुए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है।

पूर्व सैनिक व समाजसेवी संदीप पांडे का कहना है कि करोना काल में किए गए अच्छे कार्यो के लिए चिकित्सा प्रभारी या चिकित्सा कर्मचारी को सम्मानित करना अच्छी बात है लेकिन जो मरीज वहां के हैं उनके दुःख तकलीफ को ध्यान में रखकर किया जाता तो मुझे लगता है कि ज्यादा बेहतर होता आखिरकार अस्पताल के लिए या किसी चिकित्सा कर्मचारी के लिए मरीज सबसे पहले होता है। भाजपा नेता ठाकुर धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी या किसी अन्य दल का मामला हो तो सरकारी डॉक्टर को किसी प्रकार की राजनीति में नहीं जाना चाहिए उसको मरीज की सेवा करना चाहिए यही उसका कर्तव्य है। कांग्रेसी नेता राजनारायण प्रजापति का कहना है कि जो सरकारी डॉक्टर हैं उनकी जिम्मेदारी है कि मरीजों की सेवा करना अपनी ड्यूटी छोड़कर राजनीतिक कार्यक्रम में जाना गलत है।

उन्होंने कहा कि मरीज और डॉक्टर जो संबंध होता है उसको उन्होंने नहीं निभाया है मैं इसकी निंदा करता हूं। सपा नगर अध्यक्ष उमालाल यादव का कहना है कि अगर कोई आदेश या प्रोटोकॉल होता है तो वह उसमें जा सकता है अन्यथा राजनीति के उद्देश्य सरकारी डॉक्टर व कर्मचारी को नहीं जाना चाहिए।

### विश्वम्भर दयाल तिवारी जिलाध्यक्ष मनोनीत

**सीतापुर।** सनातन ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी के गठन की आवश्यक बैठक स्थानीय चुंगी स्थित एक विधालय प्रांगण मे की गयी। बैठक मे सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष विश्वम्भर दयाल तिवारी नगर अध्यक्ष योगेन्द्र दत्त शुक्ल व प्रकाश अवस्थी जिला अध्यक्ष महिला शशीकांति तिवारी नगर अध्यक्ष महिला सीमा बाजपेयी को मनोनीत किया गया।

## भागीरथी त्रिपाठी का शिक्षा के क्षेत्र में किया गया योगदान

**पट्टी।** रामदुलारे इंटरमीडिएट कॉलेज सैफाबाद के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय भागीरथी त्रिपाठी का शिक्षा के क्षेत्र में किया गया योगदान अविस्मरणीय है उनकी शैक्षिक सेवाओं को क्षेत्र सदैव याद करता रहेगा। उक्त बातें जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने बाबा बेलखरनाथ धाम के सरायनानकार स्थित स्वर्गीय भागीरथी त्रिपाठी के आवास पर रविवार को श्राद्ध समारोह के दौरान कहीं। इस दौरान जिला सचिव विकास पांडे ,विश्व दीपक मिश्रा अध्यक्ष ब्लॉक बाबा बेलखरनाथ धाम, विनय तिवारी उपसचिव, शिवम



तिवारी सचिव, विपिन तिवारी उपाध्यक्ष, अल्ताफ हुसैन महासचिव , मयंक श्रीवास्तव सचिव ब्लॉक आसपुर देवसरा, राहुल दूबे महासचिव वि0स0 पट्टी, शैलेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी ब्लॉक मंगरौरा समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे, उक्त जानकारी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक युवा प्रकोष्ठ बाबा बेलखरनाथ धाम के मीडिया प्रभारी आशुतोष तिवारी ने दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक तथा मुद्रक विनीता तोमर द्वारा ए.वी.बी. रेप्रोग्राफिक्स ए-59, तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, सी-5/2, सपना इन्कलेव, सेक्टर 18 वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक विनीता तोमर*
RNI.: UPHIN/1999/01690 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे। मो. 9415349400. email- vvtimes.news@gmail.com

# एक्शन मोड में जिले की संयुक्त आबकारी टीम, दहशत में अवैध शराब कारोबारी

**कार्रवाई**

4 आबकारी टीम की लगातार चल रही छापेमारी से शराब माफियाओं में मची खलबली



**रायबरेली ।**

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा व आबकारी आयुक्त लखनऊ एवम जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार व जिला आबकारी अधिकारी राजेश्वर मौर्य के निर्देशन में अवैध कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक सदर अजय कुमार व आबकारी निरीक्षक सलोन देविका शुक्ला व आबकारी निरीक्षक ऊंचाहार राजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में आबकारी व गुरबक्श गंज थानाध्यक्ष संतोष कुमारी की संयुक्त पलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र के गंभीरपुर दुर्गा बाजार गौरी बाजार समेत कई गांव में ताबड़तोड़ दबिश देकर टीम ने 50 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी के साथ लगभग 5 कुंतल महुआ लहन बरामद किया है। यही नहीं दबिश में गई टीम ने शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट करते हुए अवैध कच्ची शराब बनाने के कारोबार में लिप्त 5 महिलाओं को गिरफ्तार कर आईपीसी व आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल की सलाखों में भेजा है।

आबकारी के निरीक्षकों के साथ शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र में दबिश दी गई है दबिश के दौरान पांच शराब बनाने व बेचने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से लगभग 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है और यह कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

# वनरोज एवं आवारा पशु नष्ट कर रहे हैं किसानों की फसल

**रायबरेली ।**

वनरोज एवं पशु चर रहे अन्नदाताओं की मेहनत की फसल धान की फसल को कोरोना निगल गया और अब गेंहू की फसल के लिए वनरोज एवं आवारा पशु घातक बने हुए है। एक तो कोरोना महामारी और लाकडाउन से वैसे भी किसान परेशान है ऊपर से मेहनत से तैयार फसल को वनरोज और आवारा पशु नष्ट कर रहे है। किसान मेज़र चौहान ने बताया की वनरोज एवं आवारा पशुओं ने किसान का जीना दूभर कर रक्खा है ।हरी भरी गेंहू की फसल को चरने के साथ ही ये जानवर उसे बुरी तरह बर्बाद कर रहे है। किसान दीप सिंह, अंकेश सिंह, देवेन्द्र सिंह, रामसजीवन यादव, राम आसरे रजल सिंह ने बताया कि वनरोज एवं आवारा पशु लागातार



फ़सल चौपट कर रहे हैं । रातों दिन फ़सल की रखवाली करने के बावजूद भी इनके द्वारा किये जा रहे नुकसान को बचा नही पा रहे है। जरा सा इधर उधर होते ही इनका आक्रमण हो जाता है। जिससे फसल को भारी नुक़सान हो रहा है। वनरोज एवं आवारा पशुओं से परेशान किसान लगातार अपने खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं और मेहनत की फसल बचाने के लिए रात दिन इन आवारा पशुओं एवं वनरोजो को खेतों से भागाने मे ही अपना कीमती समय नष्ट कर रहे है जिसके चलते अन्य कार्यों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे। जिससे किसानों का आर्थिक बजट गड़बड़ा रहा है।

किसानों ने प्रशासन से मांग कीहै कि इन आवारा पशुओं एवं वनरोजो से मुक्ति दिलाई जाय नही तो खेतों मे कुछ भी पैदा नही होगा।

# श्री राम जन्मभूमि तीर्थ निधि का चलाया गया अभियान

**बिसवां सीतापुर**

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोतम श्री राम मंदिर निर्माण हर किसी का ख्वाब रहा है। नगरी हो अयोध्या सी रघु कुल सा घराना हो राम श्री राम श्री राम जय.जय राम और भक्ति भावना से ओतप्रोत सुरीले भजनों की गूंज गली.गली गूंजी। श्री राम मंदिर निर्माण में सहयोग देने पर हर घर की दहलीज पर पुष्प वर्षा की गई। इस तरह निधि एकत्रित करने और देने वाले एक दूसरे का अभिनंदन करते दिखे। नगर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि समर्पण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत राम भक्तों की टोलियां घर.घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। नगर के सभी राम भक्त श्रद्धालुओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक रामय ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि इस अभियान में अपना योगदान दें। स्वेच्छा से निधि समर्पण करके इस अभियान को सफल बनाएं। राम मंदिर निर्माण एक सपना था जो अब पूरा हो रहा है। इस दौरान मोहल्ला झज्जर निवासी प्रमुख समाजसेवी वीरेश मिश्रा ने विभाग प्रचारक रामय जी को समर्पण निधि सौंपी।

# सिंचाई विभाग ने कटी हुई पटरी को कराया बंद

**समस्या**

4 अचानक नहर की पटरी कटने से कई बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई

**रायबरेली**

डलमऊ पंप कैनाल से निकली एनटीपीसी गंग नहर में पूरे कोईली सराय दिलावर के निकट शुक्रवार देर शाम अचानक नहर की पटरी कटने से कई बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई और देखते ही देखते थोड़ी देर में आसपास के खेतों में पानी ही पानी नजर आने लगा नहर कटने की



सूचना मिलते ही किसानों व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया नहर कटने की सूचना मिलते ही नहर विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में पानी को बंद किया गया लेकिन तब तक पूरी सराय दिलावर सलेमपुर के लगभग 200 बीघे फसल जलमग्न हो गई खेतों में पानी भर जाने की वजह से गेहूं की फसल बर्बाद हो गई वहीं पानी बहाव अधिक होने की वजह से आबादी क्षेत्र के नजदीक भी पानी पहुंच गया।

शनिवार को नहर विभाग के कर्मचारियों के द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली से पटरी को बंद करने का काम शुरू किया गया और देर शाम तक कार्य जारी रहा वहीं ग्रामीणों का कहना है कि नहर की पटरी को बंधने के पहले किसानों का काफी कुछ नुकसान हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नेत्र शिविर का आयोजन किया गया

**ओयल खीरी।** नगर क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में उक्त परीक्षण में आए डॉक्टरों के द्वारा नेत्र परीक्षण करवाकर उचित परामर्श प्राप्त किया अत्यधिक मोतियाबिंद से ग्रसित जनों को परीक्षण कर रहे डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन के लिए सुझाव दिया गया तथा आंशिक रूप से बढ़ रहे मोतियाबिंद को नियंत्रण के लिए आवश्यक दवाएं देकर आवश्यक सुझाव दिए गए ऑपरेशन के लिए इच्छुक जनों को उक्त शिविर में ही वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक के सुझाव के अनुसार पंजीकृत कर ऑपरेशन के लिए चिकित्सालय में आने का समय निर्धारित कर दिया गया डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन कराने वालों को सारी सुविधाएं चिकित्सालय प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे उक्त चिकित्सा शिविर नगर क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना रहा।

### परिवहन विभाग ने आरोग्य मेले में करवाया चालक-परिचालकों का हेल्थ चेकअप

**लखीमपुर खीरी।** रविवार को परिवहन विभाग ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मलनगर-फत्तेपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में कामर्शियल चालको-परिचालकों व परिवहन, परिवहन निगम, यातायात के अधिकारियो-कर्मचारियों का परिवार सहित हेल्थ चेकअप हुआ। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में चिकित्सकों की टीमो ने जिले के कामर्शियल वाहनों के चालकों-परिचालकों व परिवहन, परिवहन निगम, यातायात के अधिकारियो-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें सभी चालक परिचालक पूर्ण रूप से स्वस्थ पाए गए। हेल्थ चेकअप के उपरांत एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाया। वाहन का संचालन पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर ही करेंगे कभी भी अस्वस्थता की दशा में वाहन का संचालन नहीं करेंगे। उन्हें प्रत्येक तीन माह पर अपना हेल्थ चेकअप कराते रहने की सलाह दी। प्रतिज्ञा दिलायी कि कभी-भी बिना हेल्मेट व सीटबेल्ट के वाहन का संचालन नहीं करेंगे। अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों को भी यह प्रतिज्ञा का पालन करने का वचन दिलायेंगे। सड़क पर किस प्रकार से वाहनों के संचालन किये जाये ताकि दुर्घटना होने की संभावना बिल्कुल भी न हो एवं दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को किस प्रकार से प्राथमिक सहायता दी जाये ताकि उसके जीवन को बचाया जा सके। हेल्थ चेकअप कार्यक्रम में करीब 55 चालक-परिचालक शामिल हुए। इस मौके पर सड़क सुरक्षा के पंपलेट एवं लीफलेट का भी वितरण किया।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आयोजित हुआ सास बहू सम्मेलन

**बहराइच।** बिशेश्वरगंज अदृश्य महामारी के चलते प्रभावित हुई सभी स्वास्थ्य सेवाओं को पुनःसे बहाल कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार जनपद की सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार को इनका आयोजन होना सुनिश्चित है। जनपद अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज के सभी पीएचसी केंद्रों पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे उपकेंद्र तेंदुआ कबीर (धनुही) में सास बहू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ स्वास्थ्य विभाग की टीमें बीपीएम तथा तीस सास और बहू तथा आशा बहू और आंगनबाड़ी शामिल रहे ।परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत खेल खेल में परिवार नियोजन व आठ ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन अपनाया। इस उपकेंद्र पर लगभग 99 मरीजों का उपचार किया गया जिसमें 58 महिलाएं शामिल रही ।सीएचसी अधीक्षक उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि परिवार कल्याण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसमें सीमित परिवार और सुखी परिवार के लक्षणों को खेल खेल के माध्यम से दर्शाया गया ।अधीक्षक श्री मिश्रा ने बताया कि आरोग्य मेला में ओपीडी सेवाएं, टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार एवं संदर्भन सुविधाएं, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरण, गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्शदाता सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण परामर्श सेवाएं, बच्चों में डायरिया एवं न्यूमोनिया के रोकथाम, बचाव एवं उपचार की जानकारी एवं सुविधाओं के साथ कुपोषित बच्चों का चिह्नीकरण एवं उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जाएगी।वही उपकेन्द्र प्रतापपुर तरहर पर स्वास्थ्य मेले में लगभग 75 मरीजों का उपचार किया गया जहाँ डॉ. ओ.पी पाठक, डॉ0.सुमंत, डॉ0 अर्चना एवँ अन्य स्टॉफ मोजूद रहे तो उपकेंद्र पुरैना (लक्खरामपुर ) में लगभग 72 मरीजों का उपचार किया गया।

# हाईवे के किनारे लगा गंदगी का अंबार लोग एक दूसरे को ठहरा रहे हैं जिम्मेदार

**लापरवाही**

4 हाल ही में 26 जनवरी के दिन सहकारिता मंत्री ने किया था लोकार्पण



**रायबरेली**

जहां एक और देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजना चलाकर देश के प्रत्येक शहर, नगर एवं गांव के कोने- कोने को स्वच्छ एवं साफ करने का प्रयास कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर कस्बे में लखनऊ- प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौहान बिल्डिंग के सामने कई दिनों पहले नाले की सफाई हुई थी परंतु कूड़ा अभी तक नहीं उठाया गया। इस समस्या पर जब स्थानीय निवासी आदर्श सोनी ने नगर पंचायत से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि यह एनएचएआई का काम है। जब एनएचएआई से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि यह मेरा काम नहीं है।

# टोल प्लाजा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

**रायबरेली।** लालगंज-रायबरेली मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा के पास घटित हुई घटना। एक ट्रक ने एक बाइक सवार को मारी टक्कर हुई मौत। जानकारी के अनुसार मृतक नरेंद्र कुमार यादव उम्र 23 वर्ष निवासी रामनगरा पोस्ट पोरई जिला रायबरेली का निवासी है।

जिसके पास मिली बाइक पल्सर यूपी33 ए एक्यू 4173 है। मृतक अपने फूफा के यहां तेरहवीं संस्कार में शामिल होने बाल्हेमऊ जा रहा था तभी ऐहार टोल प्लाजा के निकट टक्कर हो गई।

# डीएम ने जारी किया विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम

**लखीमपुर ।**

राज्य निर्वाचन आयोग उप्र लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) शैलेंद्र कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि ज़िले के समस्त आंशिक रूप से प्रभावित ऐसी ग्राम पंचायतें जो नगरीय निकाय क्षेत्र में सम्मिलित नहीं हुई है,में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का समय सारणी के अनुसार विशेष पुनरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 06 फरवरी से 23 फरवरी के मध्य प्रभावित ग्राम पंचायतों के मतदाताओं की रिसफलिंग करते हुए ड्राफ्ट नामावलियो की कंप्यूटरीकृत पांडुलिपि तैयार की जाएंगी। 24 फरवरी को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन, 24 फरवरी से 26 फरवरी के मध्य ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण, 24 फरवरी से 02 मार्च के मध्य दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। 03 मार्च से 08 मार्च के मध्य प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

09 मार्च से 14 मार्च के मध्य दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पूरकसूचियों के पांडुलिपियों की तैयारी व उन्हें मूल सूची में यथास्थान समाहित करने की कार्यवाही की जाएगी। 15 मार्च को निर्वाचक नामावली ओं का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# डीएम व एसपी ने किया मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**बहराइच,**

जनपद बहराइच में चित्तौरा स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल शिलान्यास व उद्बोधन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भूमि पूजन व स्वागत उद्बोधन के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शम्भु कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम हेतु पार्किंग स्थल, बैरीकेटिंग, हेलीपैड, साफ-सफाई, मंच, पण्डाल आदि के लिए कराये जा रहे कार्यों का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुँवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी प्रदीप कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# दहेज को लेकर पत्नी को मारपीट कर घर से भगाया, मुकदमा दर्ज

**बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज अन्तर्गत एक गांव निवासी ने थाना पर पर दहेज मांगने को लेकर कार्यवाही की मांग की है।स्थानीय थाना पर दिए अपने तहरीर में लड़की के पिता तहसीलदार पुत्र स्वामी दयाल उम्र 58 वर्ष ग्राम पहुंचकट्टा मौजा जलालपुर ने लिखा है कि मैंने अपनी लड़की साधना उम्र 21 वर्ष की शादी मनीष कुमार तिवारी पुत्र कृष्णपाल तिवारी ग्राम अतरौलिया थाना करनैलगंज गोंडा के साथ 2 वर्ष पूर्व अपने हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर किया था। अब मेरा दामाद मनीष कुमार तिवारी मेरी लड़की को कम दहेज देने को लेकर मारता पीटता है तथा गाली गुप्ता देता है मेरी लड़की से कहता है कि जाओ अपने बाप से 100000 नगद तथा अपाची मोटरसाइकिल लेकर आओ तब मैं तुमको अपने साथ रख लूंगा।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को वितरित किया

**सीतापुर**

जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनवारी लाल कनौजिया द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक एवं नवनियुक्त जिला अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों तथा ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान गया तथा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। बैठक में प्रदेश से आए हुए अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव तरुण रावत व कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि हम सभी फ्रंटल संगठनों को एक साथ मिलकर पार्टी के बताए गए नियमों का पालन करते हुए काम करना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा कि हम सभी कांग्रेस जनों को एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जनज न तक पहुँचाना होगा तथा संगठन को और मजबूती प्रदान होगी। बैठक को शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित, चोक्ष विभु अवस्थी, अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव पंकज राजवंशी, अययूब अहमद डम्पी, मंसूर अली सलमानी, ने भी संबोधित किया। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिला कमेटी में उपाध्यक्ष के पद पर इंजीनियर मोतीलाल भार्गव, जगदीश कनौजिया ,महेंद्र कुमार ,सोनू कनौजिया ,महेश प्रसाद रावत, महासचिव पद पर ताराचंद भार्गव, रामसेवक भार्गव,विनय प्रकाश, प्रताप कनौजिया , उदय प्रताप राज, जिला सचिव के पद पर विनय कुमार, विशंभर दयाल भार्गव, मनोज कुमार गौतम ,जसवंत राजवंशी, सतीश कुमार,मायाराम राजवंशी ,अंबिका प्रसाद, श्रवण कुमार गौतम, सुशील कुमार राजवंशी ,अंकित भार्गव, रामकुमार चौधरी ,अशोक कुमार गौतम, अजय कुमार गौतम , मनोज कनौजिया ,दिनेश कुमार ,हरिओम वर्मा, तथा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्षों में परसेंडी मनोज कुमार राजवंशी, ब्लाक महोली जितेंद्र राजवंशी ब्लाक खैराबाद इंद्रपाल राजवंशी पिसावा से ज्ञानेंद्र विश्वास रामदास मछरेहटा से सर्वेश कुमार गौतम रेउसा से कुरील कनौजिया रामपुर मथुरा से जयकरन पहला से राम लखन भार्गव हरगांव श्री वतन कुमार राज बेहटा से संजय राजवंशी गोंदलामऊ से सत्येंद्र कुमार गौतम सिधौली से वीरेंद्र कुमार कनौजिया कसमंडा से नहीं लाल सकरन से कपिल कुमार मिश्रिख से रवि कुमार भारती लहरपुर से श्यामू राज महमूदाबाद से गिरीश चंद्र गौतम एलिया से सुशील कुमार गौतम को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई,

# प्रशासन की घोर लापरवाही, शिलान्यास का पत्थर टूटा

**बहराइच**

मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अंतर्गत विकास कार्य को लेकर सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है वहीं पर दूसरी तरफ जरवल टाउन से लेकर जरवल रोड तक की सड़क का निर्माण कार्य अभी हाल ही में पूरा हुआ है जिसके बाद सड़क का लोकार्पण प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा द्वारा किया गया था।





शिलान्यास के कुछ ही दिन बाद शिलान्यास के पत्थर प्रशासन द्वारा देखभाल नहीं होने से गिरे पड़े हैं। शिलान्यास के पत्थरों का टूटना और प्रशासन का कोई सुध ना लेना इससे तो यही पता चलता है कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी कितने गंभीर हैं। बता दें बीते दिनों 26 जनवरी के दिन प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा के द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत जरवल टाउन से जरवलरोड तक लगभग 6 किलोमीटर की सड़क का मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद लोकार्पण किया था। परंतु प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते कुछ ही दिनों में सहकारिता मंत्री के द्वारा किए गए लोकार्पण शिलापट का टूट कर गिर जाना काफी चिंता का विषय है। वहीं दूसरी तरफ लोगों का कहना है कि जब प्रशासन शिलान्यास के लगाए गए पत्थरों की देखभाल नहीं कर सकता तो सड़कों के निर्माण में क्या होगा।

# तहरी भोज कार्यक्रम सम्पन्न

**सीतापुर।** विकासखंड परसेंडी के अंतर्गत प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ गिरीश शुक्ला के द्वारा विशाल की तहरी भोज के अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जनार्दन मिश्र पूर्व सांसद मुख्य अतिथि ज्ञान तिवारी विधायक शेवता भरत त्रिपाठी पूर्व एमएलसी सीतापुर अचिन मेहरोत्रा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सीतापुर सत्य प्रकाश मिश्रा अध्यक्ष अध्यक्ष डीसी डीएफ सीतापुर नैमिष रतन तिवारी उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सीतापुर डॉ सुरेश तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ सीतापुर भास्कर मिश्रा मंडल अध्यक्ष मिश्रिख एवं ग्राम प्रधान का माल्यार्पण किया।

# गांधीभवन में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**बाराबंकी, ।**

महात्मा गाँधी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान मे रविवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन मे खिलाडियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ खिलाड़ी हाजी सलाउद्दीन किदवई ने कहा कि छोटे बच्चों मे खेल और व्यायाम के प्रति जागरुकता पैदा करने का काम महात्मा गाँधी स्पोर्ट्स क्लब कर रही है। जो बच्चे सुबह पुलिस लाइन मैदान मे हॉकी खेलते है उन्हें क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होने बताया कि गर्मी की छुट्टियों मे क्लब एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गांधी भवन मे करेगा। जो शिविर 15दिनों का होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रशिक्षित बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब जनपद मे युवाओं को खेल से जोडने का काम करेगी। यह जिला कभी खेल के क्षेत्र मे विश्व पटल पर था। जो अब पिछड़ गया है। जिसे एक बार फिर विश्व पटल पर पहुंचाना है। इस मौके पर अमान अंसारी, हाशिम अंसारी, आफताब, सौरभ कश्यप आदिल अहमद, महफूज अहमद सहित कई खिलाडियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से वरिष्ठ खिलाड़ी अरुण कुमार त्रिवेदी, विजय अवस्थी, अनिल कुमार गुप्ता, अयाज अंसारी, मुजिब अहमद, मो आदिल, रिजवान रजा, अभिषेक तिवारी, निसार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
विश्व विजेता टाइम्स



# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को किया क्लीन स्वीप

**रावलपिंडी।**

तेज गेंदबाजों हसन अली (60 रन पर पांच विकेट) और शाहीन आफरीदी (51 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को 95 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। पाकिस्तान को इस सीरीज जीत से आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में 120 अंक मिले।




पाकिस्तान ने चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 298 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 370 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 127 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी दूसरी पारी 91.4 ओवर में 274 रन पर सिमट गयी। सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (108 रन) का शानदार शतक भी दक्षिण अफ्रीका को हार से नहीं बचा सका।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन अली ने 16 ओवर में 60 रन पर पांच विकेट, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन आफरीदी ने 21 ओवर में 51 रन पर चार विकेट और लेग स्पिनर यासिर शाह ने 23.4 ओवर में 56 रन पर एक विकेट लेकर पाकिस्तान को शानदार जीत दिलाई।

दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 127 रन से आगे खेलना शुरू किया और लग रहा था कि दक्षिण अफ्रीका की टीम वेस्ट इंडीज की बंगलादेश के खिलाफ 395 रन का लक्ष्य हासिल करने की जीत से प्रेरणा लेगी लेकिन मारक्रम और तेम्बा बावूमा को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज विकेट पर नहीं टिक पाया। मारक्रम ने 243 गेंदों पर 13 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 108 रन बनाये। मारक्रम टीम के 241 के स्कोर पर तीसरे बल्लेबाज के रूप में आउट हुए और उनके आउट होने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदें समाप्त हो गयीं। बावूमा ने 125 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 61 रन बनाये। रैसी वान डेर डुसेन ने 97 गेंदों में आठ चौकों के सहारे 48 रन बनाये। वियान मूल्डर ने 40 गेंदों में तीन चौकों के सहारे 20 रन का योगदान दिया।

मारक्रम ने 59 रन और रैसी वान डेर डुसेन ने 48 रन से आगे खेलना शुरू किया। वान डेर अपने कल के स्कोर पर ही आउट हो गए। फाफ डू प्लेसिस पांच रन बनाकर 134 के स्कोर पर आउट हुए। मारक्रम ने बावूमा के साथ चौथे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी के समय दक्षिण अफ्रीका की टीम मुकाबले में नजर आ रही थी लेकिन हसन अली ने जैसे ही मारक्रम को आउट किया, दक्षिण अफ्रीका की पारी को सिमटने में ज्यादा समय नहीं लगा।

दक्षिण अफ्रीका ने अपनी आखिरी सात विकेट 33 रन जोड़कर गंवाए और उसे हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट सात विकेट से गंवाया था। पाकिस्तान ने इस तरह 2003 के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली सीरीज जीत हासिल की। हसन अली ने मैच में कुल 10 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मोहम्मद रिजवान को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

**संक्षिप्त स्कोर:**

**पाकिस्तान: 271 और 298**

**दक्षिण अफ्रीका: 201 और 274**



# सेंसेक्स और निफ्टी बना रहा रिकॉर्ड

**मुंबइ।**

आम बजट में इंफ्रास्ट्रकचर में निवेश और नीतिगत सुधारों पर जोर दिए जाने के साथ ही रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख नीतिगत दरों को निचले स्तर पर बनाए रखने के बल पर बैंकिंग, धातु , ऑटो आदि समूहों में हुई भारी लिवाली के बल पर घरेलू शेयर बाजार सोमवार को नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। सत्र के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 51523.38 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 15,159.90 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। सत्र के अंत में सेंसेक्स 617.14 अंक उछलकर 51,348.77 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 191.55 अंक बढ़कर 15,115.80 अंक पर रहा।



इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर बना रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.50 प्रतिशत बढ़कर 19705.30 अंक पर और स्मॉलकैप 1.53 प्रतिशत बढ़कर 19388.71 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 3227 कंपनियों में कारोबार हुआ जिनमें 1721 कंपनियां हरे निशान में रहीं जबकि 1313 कंपनियां लाल निशान पर बंद हुईं वहीं 193 कंपनियों में कोई बदलाव नहीं हुआ। रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में बढ़ोतरी नहीं किये जाने और आम बजट में इंफ्रा के लिए किये गये उपाय से उत्साहित निवेशकों की लिवाली जारी रहने के बल पर सोमवार को शेयर बाजार ने नया रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स अब तक के रिकॉर्ड स्तर 51409.36 अंक पर और एनएससी का निफ्टी 15119.25 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415 अंकों की तेजी के साथ 51146.67 अंक पर खुला और शुरुआती कारोबार में ही यह लिवाली के बल पर 5149.36 अंक के अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया अभी यह 1.21 प्रतिशत अर्थात 613.73 अंक बढ़कर 51345.36 अंक पर कारोबार कर रहा है। एनएसई का निफ्टी 130 अंकों की बढ़त के साथ 15064.30 अंक पर खुला और देखते ही देखते यह अब तक के रिकॉर्ड स्तर 15119.25 अंक पर पहुंच गया। अभी यह 176.30 अंकों की तेजी के साथ 15100 अंक पर कारोबार कर रहा है।बीएसई का सेंसेक्स आज 415.04 अंक की बढ़त के साथ 51146.67 अंक पर खुला और 51523.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। दोपहर बाद भी यह शुरुआती कारोबार के 51146.67 अंक पर ही रहा लेकिन लगातार जारी लिवाली की बदौलत अंत में यह पिछले दिवस के 50731.63 अंक के मुकाबले 1.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51348.77 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

निफ्टी 140.05 अंक की बढ़त के साथ 15,064.30 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 15,159.90 अंक और न्यूनतम स्तर 15,041.05 अंक रहा। अंत में यह गत दिवस की तुलना में 191.55 अंक की बढ़त में 15,115.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 में से 40 कंपनियों के शेयर चढ़े और शेष 10 लाल निशान में रहे।

बीएसई में अधिकांश समूह बढ़त में रहे जिसमें ऑटो में 3.07 प्रतिशत, मेटल में 3.00 प्रतिशत, इंडस्ट्रियल में 2.56 प्रतिशत और टेलीकॉम में 2.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इसमें केवल एफएमसीजी में ही 0.53 प्रतिशत की ही गिरावट दर्ज की गयी है।

वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन के शंघाई कम्पोजिट समेत सभी प्रमुख सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गयी, जिनमें जापान के निक्की में 2.12 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसैंग में 0.11 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 1.03 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी। वहीं यूरोप के मुख्य सूचकांकों में भी तेजी रही जिनमें ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.94 प्रतिशत और जर्मनी के डैक्स में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम तीसरे दिन भी स्थिर




**नई दिल्ली ।** पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थिर रहे। देश में पेट्रोल की कीमतें इस समय रिकॉर्ड स्तर पर हैं। दिल्ली को छोड़कर अन्य शहरों में डीजल के दाम भी ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर हैं।

घरेलू बाजार में सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में पिछले दिवस की तुलना में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह 86.95 रुपये प्रति लीटर पर रही। मुंबई में पेट्रोल 93.49 रुपये रहा जबकि कोलकाता में इसकी कीमत 88.30 रुपये प्रति लीटर रही।

चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल 89.39 रुपये का बिका। पेट्रोल मुंबई में पहली बार 93 रुपये और चेन्नई में पहली बार 89 रुपये प्रति लीटर के पार पहुँचा है। डीजल की कीमत दिल्ली में 77.13 रुपये प्रति लीटर रही।डीजल की कीमत मुंबई में 83.99 रुपये, चेन्नई में 82.33 रुपये और कोलकाता में 80.71 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर बनी रही।

## पंत ने जीता आईसीसी का पहला प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड

**दुबई।** भारत के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने हाल ही में संपन्न ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला के अंतिम दो मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पहले' प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार को अपने नाम किया है। पंत ने आईसीसी की ओर से पहली बार दिए जा रहे इस पुरस्कार को जीतने के बाद सोमवार को कहा,''मैं आईसीसी का पहला मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार प्राप्त कर बहुत खुश हूं। किसी भी खिलाड़ी के लिए टीम की जीत में योगदान करना सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार होता है, लेकिन ऐसी पहल मेरे साथ-साथ सभी युवाओं को हर बार बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी। मैं यह पुरस्कार टीम इंडिया के प्रत्येक सदस्य को समर्पित करता हूं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में हमारी जीत में योगदान दिया। मेरे सभी प्रशंसकों का भी धन्यवाद, जिन्होंने मुझे वोट दिया।''

दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल ने जनवरी महीने में खेले तीन एकदिवसीय और दो टी-20 मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन कर पहला वुमेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। इस्माइल ने पुरस्कार जीतने पर कहा,''जनवरी में आईसीसी वुमेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ जीत कर बहुत खुश हूं। लगता है कि लॉकडाउन के दौरान मैंने जो भी मेहनत की वह रंग लाई। मेरे साथियों के बिना यह पुरस्कार मिलना संभव नहीं होता और मैं उन सभी के समर्थन के लिए आभारी हूं।''

# सोना 40 रुपये महंगा, चाँदी भी चमका



**मुंबई ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिश्रित रुख के बीच दोनों कीमती धातुओं की घरेलू स्तर पर मांग बढ़ने से सोमवार को घरेलू वायदा बाजार में सोना 0.08 फीसदी महंगा हुआ जबकि चाँदी की कीमत में भी करीब 0.10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी।

एमसीएक्स वायदा बाजार में आज सोना 40 रुपये की यानी 0.08 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 47,296 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। सोना मिनी भी 283 रुपये बढ़कर 46,978 रुपये प्रति 10 ग्राम बोला गया।

चाँदी में 70 रुपये यानी 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 68,808 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चाँदी मिनी 79 रुपये महंगी हुई और 68,790 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.28 डॉलर घटकर 1,811.34 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 0.70 डॉलर की गिरावट के साथ 1,810.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 0.13 डॉलर की वृद्धि के साथ 26.96 डॉलर प्रति औंस के भाव बिकी।

# एमजी मोटर ने लॉन्च की नयी इलेक्ट्रिक कार

**नई दिल्ली ।**

यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नयी कार जेड एस ई वी लॉन्च करने की सोमवार को घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 20.99 लाख रूपये है।




कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव गवा ने इस कार को लॉन्च करते हुए कहा, ''हमें ईवी स्पेस के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एक साल से भी कम समय में जेडएस ईवी के नए संस्करण को पेश करने पर गर्व है। अपने ग्राहकों के लिए एक बेहतर स्वामित्व अनुभव का विस्तार करने के लिए, हम अपने इकोसिस्टम पार्टनर्स के साथ भारत में एक मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अपडेटेड वर्जन बेस्ट-इन-क्लास 44.5 किलो वॉट हाई-टेक बैटरी के साथ आता है और इसमें 419 किमी की सर्टिफाइड रेंज है। नए 215/55 / आर17 टायर से लैस, यह वाहन और बैटरी-पैक ग्राउंड क्लीयरेंस क्रमशः 177 मिमी और 205 मिमी तक बढ़ाए गए हैं।

अपने भागीदारों के साथ देशभर में चार्जिंग इकोसिस्टम का विस्तार करने के बाद जेडएस ईवी 2021 को अब 31 शहरों में बुकिंग के लिए उपलब्ध कराया गया है। कार को जनवरी 2020 में पांच शहरों में लॉन्च किया गया था और उसके बाद धीरे-धीरे शहर जोड़ते चले गए।

## इशांत 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल



**चेन्नई ।** तेज गेंदबाज इशांत शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बल्लेबाज डेनियल लॉरेंस का विकेट लेने के साथ ही 300 टेस्ट विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए। वह भारत की तरफ से यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे तेज गेंदबाज भी बने।

इशांत ने अपने 98वें टेस्ट मैच में पहली पारी में दो विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या 299 पहुंचा दी थी। उन्होंने दूसरी पारी में एक विकेट लेते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली।

इशांत अब 300 विकेट लेने वाले भारत के दिग्गज गेंदबाजों अनिल कुंबले (619), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), रविचंद्रन अश्विन (382) और जहीर खान (311) की श्रेणी में शामिल हो गए।

इशांत का टेस्ट में सबसे बेहतर प्रदर्शन 74 रन देकर 7 विकेट है। वह टेस्ट में 11 बार पांच और एक बार दस विकेट ले चुके हैं।

# अश्विन का छक्का, भारत को बनना होगा श्री 420

**चेन्नई।**

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 61 रन पर छह विकेट लेकर इंग्लैंड को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को दूसरी पारी में 178 रन पर समेट दिया जिससे भारत को यह मुकाबला जीतने के लिए 420 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला है।

इंग्लैंड ने पहली पारी में 578 रन का विशाल स्कोर बनाया जबकि भारत ने चौथे दिन छह विकेट पर 257 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पहली पारी 337 रन पर समाप्त हुई। इंग्लैंड को पहली पारी में 241 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हुई। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 178 रन बनाये और उसने भारत के सामने 420 रन का मुश्किल लक्ष्य रख दिया।

अश्विन ने दूसरी पारी में गेंदबाजी करने की शुरुआत की और टर्न तथा उछाल लेती पिच का फायदा उठाते हुए 17.3 ओवर में 61 रन पर छह विकेट लेकर इंग्लैंड को 46.3 ओवर में 178 रन पर समेट दिया। अश्विन ने इस तरह 28वीं बार पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चौथी बार पारी में पांच विकेट और चेन्नई में तीसरी बार पारी में पांच विकेट लिए। अश्विन ने इस तरह मैच में नौ विकेट पूरे किये। उन्होंने पहली पारी में तीन विकेट लिए थे।

लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज नदीम ने 15 ओवर में 66 रन पर दो विकेट, तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने सात ओवर में 24 रन पर एक विकेट और जसप्रीत बुमराह ने छह ओवर में 26 रन पर एक विकेट लिया। इशांत दूसरी पारी में डेनियल लॉरेंस का विकेट लेने के साथ ही 300 टेस्ट विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए। वह भारत की तरफ से यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे तेज गेंदबाज बन गए।



इंग्लैंड की दूसरी पारी में कप्तान जो रुट ने सर्वाधिक 40 रन बनाये। रुट ने 32 गेंदों की पारी में सात चौके लगाए। रुट ने पहली पारी में 218 रन की शानदार पारी खेली थी। रुट का यह 100वां टेस्ट है और इस मैच में उन्होंने कुल 258 रन बनाये।

ओली पोप ने 28, डोमिनिक बेस ने 25, जोस बटलर ने 24, डोमिनिक सिब्ले ने 16 और डेनियल लॉरेंस ने 18 रन का योगदान दिया। ओपनर रोरी बर्न्स का खाता नहीं खुला जबकि बेन स्टोक्स ने सात रन बनाये। इंग्लैंड के आखिरी चार विकेट मात्र 13 रन जोड़कर गिरे और उसकी दूसरी पारी आखिरी सत्र में 178 रन पर सिमट गयी। जैक लीच आठ रन पर नाबाद रहे।

अश्विन ने दूसरी पारी में गेंदबाजी की शुरुआत की और पहली ही गेंद पर बर्न्स को अजिंक्या रहाणे के हाथों कैच करा दिया। अश्विन ने फिर सिब्ले, स्टोक्स, बेस, जोफ्रा आर्चर और जेम्स एंडरसन के विकेट लिए। नदीम ने पोप और बटलर को आउट किया जबकि इशांत ने लॉरेंस और बुमराह ने कप्तान रुट का बेशकीमती विकेट लिया। बुमराह ने रुट को पगबाधा किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
विश्व विजेता टाइम्स
विविध
लखनऊ, मंगलवार, 09 फरवरी, 2021

# दक्षिण अफ्रीका में एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के इस्तेमाल पर रोक, टीके को पाया गया कम असरदार




**लंदन ।** दक्षिण अफ्रीका में एस्ट्रोजेनेका वैक्सीन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। इस देश में सोमवार से इस वैक्सीन के साथ टीकाकरण अभियान शुरू होने वाला था, लेकिन कोरोना के दक्षिण अफ्रीकी वैरिएंट के खिलाफ इस टीके को कम प्रभावी पाए जाने पर यह कदम उठाया गया। इससे कोरोना के नए प्रकारों के खिलाफ टीकों के प्रभाव को लेकर दुनिया के सामने एक नई चिंता पैदा हो गई है। दक्षिण अफ्रीका को भारत के सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का दस लाख डोज मुहैया कराया है।

दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री ज्वेली मिखाइज के साथ ही इस देश के कई विज्ञानियों ने कोरोना टीकों के कई परीक्षणों के नतीजों को साझा किया है। लेकिन एस्ट्राजेनेका को लेकर चिंता जताई गई है। यह वैक्सीन बी.1.351 नामक वैरिएंट के खिलाफ कम प्रभावी पाई गई है। इस वैरिएंट की पहचान सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुई थी। मिखाइज ने कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले टीकाकरण को तब तक के लिए रोक दिया गया है, जब तक विज्ञानियों की समिति इस वैक्सीन के साथ आगे बढ़ने का फैसला नहीं करती। उन्होंने बताया कि एस्ट्राजेनेका, जॉनसन एंड जॉनसन और फाइजर वैक्सीनों के ट्रायल के पूरे नतीजे एक माह के अंदर सामने आ जाएंगे। दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों के अनुसार, देश में अब तक 14 लाख कोरोना मरीज पाए गए हैं और 44 हजार 399 की मौत हुई है। यहां कोरोना के नए वैरिएंट के मामले बढ़ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका में गत एक फरवरी को एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की दस लाख खुराक पहुंची थी।

# नेपाल की शीर्ष अदालत ने राष्ट्रपति की नियुक्तियों के खिलाफ याचिका पर कारण बताओ नोटिस किया जारी

नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी द्वारा विभिन्न संवैधानिक आयोगों में की गयी नियुक्तियों को चुनौती देने वाली प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष अग्नि प्रसाद सपकोटा की रिट याचिका पर रविवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। काठमांडू पोस्ट की एक खबर के अनुसार न्यायमूर्ति प्रकाश कुमार धुंगाना की एकल पीठ ने प्रतिवादियों राष्ट्रपति भंडारी, प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली, प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति चोलेंद्र शमशेर राणा और संविधान परिषद के कार्यालय एवं नेशनल एसेम्बली के अध्यक्ष को नोटिस जारी किया है।

उच्चतम न्यायालय के सूचना अधिकारी ने बताया कि शीर्ष अदालत ने प्रतिवादियों से 15 दिनों में जवाब मांगा है। सपकोटा के वकील कृष्ण प्रसाद भंडारी और रमण श्रेष्ठ ने मांग की कि संवैधानिक आयोगों में नियुक्त किये गये लोगों को काम नहीं करने दिया जाए।

प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र ने बुधवार को राष्ट्रपति भंडारी की उपस्थिति में लगभग 48 लोगों को विभिन्न संवैधानिक निकायों में पद की शपथ दिलाई थी।

# ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने संपत्ति छिपाने को कानून बनाने के लिए डाला था दबाव, अखबार ने किया खुलासा

**लंदन ।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने 1970 के आसपास सरकार पर बकिंघम पैलेस की संपत्ति को पारदर्शिता कानून से अलग रखने के लिए दबाव डाला था। राष्ट्रीय अभिलेखागार में रखे दस्तावेजों के हवाले से गार्जियन ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की है। मामले पर बकिंघम पैलेस के प्रवक्ता ने कहा है कि संसदीय प्रक्रिया में महारानी की भूमिका औपचारिक है और वह संसदीय संप्रभुता का सम्मान करती हैं। रिपोर्ट में किए गए दावों में कोई दम नहीं है।

## लामबंदी के लिए वकील को किया नियुक्त

अखबार के मुताबिक, क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय ने इस सिलसिले में अपने दिग्गज वकील मैथ्यू फेरर को लामबंदी के लिए नियुक्त किया था। इसके बाद मैथ्यू ने सरकारी उच्चाधिकारियों और सांसदों पर राजमहल को छूट देने वाला विधेयक तैयार करने के लिए दबाव डाला था। इसके लिए उन्होंने ब्रिटेन के वित्तीय संस्थानों के जरिये भी आवाज उठवाई थी। अभिलेखागार में मौजूद पत्रों के मुताबिक, मैथ्यू कई अधिकारियों को लिखे पत्रों में राजमहल को छूट देने के सिलसिले में दबाव बनाते प्रतीत हो रहे हैं। उन्होंने लिखा कि महारानी की संपत्ति और विभिन्न कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी से संबंधित सूचनाओं को गोपनीय रखा जाए।

## बाद में शेल कंपनी बनाकर दशकों तक छिपाया गया निवेश

वामपंथी झुकाव वाले अखबार ने अपने मंतव्य को साबित करने के लिए कई पत्रों की प्रतिलिपि सार्वजनिक की है। राजमहल की संपत्ति को गोपनीय रखने की कोशिश में एक शेल कंपनी बनाने का प्रस्ताव भी चर्चा में आया, जिसमें होने वाला लेन-देन पूरी तरह से गोपनीय रखा जाए। यह मुखौटा कंपनी सरकार की जानकारी में होगी और राजमहल के निवेशों का प्रबंधन करेगी। दिखाने के लिए इस कंपनी को बैंक ऑफ इंग्लैंड के लिए वरिष्ठ कर्मचारी चलाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार यह शेल कंपनी अस्तित्व में आई और इसे कई दशकों तक चलाया गया। बाद में 2011 में इसे बंद कर दिया गया। इसकी कोई भी जानकारी कभी भी जनता के बीच नहीं आई।



# खबरें एक नजर में

## प्रधानमंत्री 10 फरवरी को विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 10 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2021 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पीएमओ की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक इस सम्मेलन का मुख्य विषय ''सबके लिए सुरक्षित और संरक्षित पर्यावरण और हमारा साझा भविष्य'' है। नई दिल्ली स्थित द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) की ओर से आयोजित यह 20वां शिखर सम्मेलन है, जिसमें विश्व में सतत विकास को लेकर दो दिनों तक चर्चा होगी। बयान के मुताबिक इस शिखर सम्मेलन को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस सम्मेलन में गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे, मालदीव की पीपुल्स मजलिस के अध्यक्ष मोहम्मद नशीद, संयुक्त राष्ट्र की उपमहासचिव अमीना जे मोहम्मद सहित अन्य हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। दुनिया के अनेक देशों के प्रतिनिधियों के अलावा व्यापारिक प्रमुखों, विद्वानों, जलवायु वैज्ञानिकों, युवाओं और सिविल सोसाइटी के लोगों के बड़ी संख्या में भाग लेने की संभावना है।

## केंद्र सरकार ने वापस लिया ओडिशा में श्रीमंदिर के लिए प्रस्तावित राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण उपनियम

ओडिशा में विभिन्न वर्गों से उठे विरोध के स्वर के बाद केंद्र सरकार ने श्रीमंदिर के लिए प्रस्तावित उपनियम को वापस ले लिया है। इसे वापस लिए जाने की जानकारी खुद केंद्रीय संस्कृति मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने ट्वीट के माध्यम से दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) के अध्यक्ष को बगैर विश्वास में लिए इसे जारी कर दिया गया था।

**बीजद सांसद प्राधिकरण उपनियम को वापस लेने की मांग को लेकर संस्कृति मंत्री से मिले:** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देश पर बीजू जनता दल (बीजद) के सांसदों ने सोमवार को केंद्रीय संस्कृति मंत्री से मुलाकात की। सांसद भर्तृहरि महताब के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित उपनियम को वापस लेने की मांग की। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में भी भाजपा सांसदों ने इस मसले पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री से मुलाकात की और प्रस्ताव वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

## देशभर में बंद पड़े विश्वविद्यालय और कॉलेज जल्द खुलेंगे, यूजीसी ने दी हरी झंडी

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के घटते प्रभाव को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर में बंद पड़े विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को जरूरी सुरक्षा इंतजामों के साथ फिर खोलने के लिए कहा है। हालांकि, इन्हें कब से खोलना है, इसका फैसला उन्हें राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन की सहमति के आधार पर करने को कहा है। यूजीसी ने फिलहाल इस संबंध में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को पूरी स्वतंत्रता दी है। साथ ही संस्थानों को खोलने के लिए पूर्व में जारी गाइडलाइंस पर अमल सुनिश्चित करने को भी कहा है।

**छात्रों को एक सीट छोड़कर बैठाया जाएगा, मास्क जरूरी:** यूजीसी ने यह कदम बंद पड़े विश्वविद्यालयों और दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों को खोलने की छात्रों की मांगों को देखते हुए लिया है। हालांकि, इसे लेकर यूजीसी पूरी तरह से सतर्क भी है, क्योंकि अभी भी महाराष्ट्र और केरल जैसे राज्यों में कोरोना संक्रमण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, यूजीसी की संस्थानों को खोलने से जुड़ी गाइडलाइंस में इस बात पर जोर दिया गया है कि ऑफलाइन कक्षाएं जब शुरू हों तो छात्रों को एक सीट छोड़कर बैठाया जाएगा। साथ ही मास्क पहनने और बार-बार हाथ साफ करने को अनिवार्य बनाया जाए।

**ज्यादातर राज्यों में स्कूल खुल गए:** विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को खोलने को लेकर यूजीसी ने यह कदम इसलिए भी उठाया है, क्योंकि ज्यादातर राज्यों में स्कूल खुल गए हैं। हालांकि, उनमें अभी सिर्फ नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों को बुलाया जा रहा है। बावजूद इसके सभी छात्र अभी स्कूल नहीं आ रहे हैं, क्योंकि स्कूल आने को अभी अनिवार्य नहीं किया गया है।

# इस्राइल : प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में सुनवाई शुरू



इस्राइल में कुछ ही हफ्तों बाद आम चुनाव होने हैं। इस बीच देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ सोमवार को यरूशलम की अदालत में भ्रष्टाचार के मामले में सुनवाई शुरू हो गई। सुनवाई के दौरान नेतन्याहू ने खुद को निर्दोष बताया। बता दें, नेतन्याहू पर पिछले साल तीन विभिन्न मामलों में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। इन आरोपों के चलते अब इस्राइल के लोग बड़ी संख्या में हर सप्ताहांत पर प्रदर्शन कर रहे हैं और भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नेतन्याहू ने कोरोना वायरस संकट का भी उचित तरीके से मुकाबला नहीं किया। नेतन्याहू की पेशी के दौरान भी अदालत के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि नेतन्याहू ने अपने सम्पन्न मित्रों से महंगे उपहार स्वीकार किए। आलोचकों का यह भी कहना है कि नेतन्याहू ने अपने और अपने परिवार के पक्ष में खबरें दिखाने के बदले में मीडिया क्षेत्र के दिग्गजों को लाभ पहुंचाने के प्रस्ताव भी दिए। पिछले माह लॉकडाउन के चलते इस मामले की सुनवाई स्थगित कर दी गई थी। इस्राइल पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले नेतन्याहू ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन पर पद पर रहने के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों में मामला चला। हालांकि, उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने पद से इस्तीफा देने से भी इनकार कर दिया है। सोमवार को सुनवाई में नेतन्याहू के वकीलों ने लिखित जवाब देते हुए कहा है कि उनके मुवक्किल दोषी नहीं हैं। सुनवाई के करीब 20 मिनट बाद नेतन्याहू अदालत कक्ष से निकल गए और फिर वहां से रवाना हो गए। उनके खिलाफ मामला पिछले वर्ष मई में शुरू हुआ था।

# चीन को अमेरिका से कड़ी प्रतिस्पर्धा की करनी चाहिए उम्मीद : जो बाइडन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनके प्रशासन में चीन को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी लेकिन वह चीन के साथ जो नया संबंध वह बनाना चाहते हैं, उसमें संघर्ष की जरूरत नहीं है। रविवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में बाइडन ने कहा कि उन्होंने 20 जनवरी को राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद अब तक चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से बात नहीं की है। उन्होंने कहा कि वे दोनों कई बार पहले उस समय मिले चुके हैं, जब वे दोनों उप राष्ट्रपति के तौर पर देश की सेवा कर रहे थे। बाइडन ने कहा, मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं। सीबीएस पर रविवार को प्रसारित 'फेस द नेशन' के दौरान साक्षात्कार में बाइडन ने कहा कि जब वे दोनों बात करेंगे तो उनके पास बात करने के लिए काफी कुछ होगा।

# सिंगापुरः नस्लीय भेदभाव को बढ़ावा देने के आरोप में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

सिंगापुर में नस्लीय भेदभाव को बढ़ावा देने के आरोप में 52 वर्षीय एक भारतीय मूल के व्यक्ति को सोमवार को दो सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई। मीडिया में प्रकाशित खबर के अनुसार उक्त व्यक्ति ने दावा किया था कि सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी देश में मलय लोगों को हाशिये पर रखना चाहती है।

स्ट्रेट्स टाइम्स में प्रकाशित खबर के अनुसार सिराजुदीन अब्दुल मजीद को नस्लीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने और नस्ल के आधार पर दो समुदायों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने का दोषी पाया गया।खबर में कहा गया कि शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए इसी प्रकार के दो अन्य आरोपों में भी मजीद को दोषी पाया गया। पिछले साल मजीद ने 12 और 13 जून को तीन लोगों को संदेश भेजे थे जिनमें दावा किया गया था कि सत्तारूढ़ पार्टी मलय समुदाय को अल्पसंख्यक से भी नीचे का दर्जा देना चाहती है और देश के मूल निवासी मलय समुदाय के लोगों के बीच अन्य नस्ल के लोगों की घुसपैठ कराना चाहती है। उन्होंने इन संदेशों को अन्य लोगों से साझा करने के लिए कहा था। इनमें से एक व्यक्ति ने बाद में पुलिस को इसकी जानकारी दी थी।

# सौम्या टंडन का धमाकेदार डांस वीडियो इंटरनेट पर छाया, एक्ट्रेस ने घूमर से सबको बनाया अपना दीवाना



टीवी का चर्चित शो भाभी जी घर पर हैं में अनीता भाभी के किरदार से घर-घर में एक अलग पहचान बना चुकी अभिनेत्री सौम्या टंडन इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। हाल ही में सौम्या टंडन का एक नए डांस वीडियो ने सोशल मीडिया पर खूब धूम मचाई हुई है। जी हां सौम्या टंडन ने अपने डांस को यूट्यूब चौनल पर पोस्ट किया है,जिसको लोग बहुत पसंद भी कर रहे हैं। इस डांस वीडियो में सौम्या अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की तरह घूमर डांस करते हुए नजर आ रही हैं। इस डांस वीडियो को सौम्या ने अपने यूट्यूब चौनल पर साझा कियया है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह घूमर गाने पर काफी शानदार एक्सप्रेशन के साथ डांस करती हुई दिखाई दे रहे हैं। वैसे अभिनेत्री का यह वीडियो दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खूब आकर्षित कर रहा है। इतना ही नहीं सौम्या के चाहने वाले उनकी इस धमाकेदार डांस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। बताते चले सौम्या टंडन ने अपने टीवी करियर की शुरूआत ऐसा देश है मेरा के माध्यम की थी। इस शो में अभिनेत्री ने रस्टी देओल का रोल प्ले किया था। इसके बाद उन्होंने मेरी आवाज को मिली गई रोशनी में अभिनय किया। इन शोज के अलावा अभिनेत्री कॉमेडी सर्कस के तानसेन मल्लिका-ए-किचन ऑन एयर और डांस इंडिया डांस जैसे टीवी सीरियलों को भी होस्ट कर चुकी हैं। लेकिन सौम्या टंडन जहां से सुर्खियां बटोरनी शुरू की वह छोर्ट पर्दे का चर्चित और सुपरहिट शो भाभीजी घर पर हैं के जरिए अनिता नारायण मिश्रा का किरदार निभाकर मशहूर हुई। वहीं सौम्या टंडन आज टीवी की सबसे मशहूर बहुओं में से एक बन गई हैं। टीवी सीरियल के अलावा सौम्या 2008 में आई डायरेक्टर इम्तियाज अली की सुपरहिट फिल्म जब वी मेट में काम कर चुकी हैं। इस फिल्म में करीना कपूर और शाहिद कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सेट से खुशखबरी, शो में जल्द ही हो सकती है दयाबेन की वापसी

तारक मेहता का उल्टा चश्मा लोगों के फेवरेट शोज में से एक है। टीआरपी के मामले में भी ये शो हिट है। तारक मेहता में दयाबेन का किरदार निभाकर लोगों के दिलों में दिशा वकानी ने एक खास जगह बना ली है। इस सीरियल में लंबे वक्त से दिशा वकानी यानी दयाबेन गायब हैं। लेकिन अब खुशखबरी ये है की एक बार फिर शो में दयाबेन गरबा खेलती नजर आएंगी। इस शो में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला किरदार रहा है, जेठालाल और दयाबेन का।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा घर-घर में पसंद किया जाता है। शो ने फैन्स को एंटरटेन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। टीबापी चार्ट में भी इस शो ने टॉप 5 में अपनी जगह बनाई हुई है। पिछले तीन सालों से दयाबेन शो से गायब हैं। फैंस दयाबेन के वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और इस बीच दया के भाई सुंदरलाल ने दयाबेन की वापसी को लेकर कन्फर्म किया है।इस खबर को सुनकर फैंस भी एक्साइटेड हैं। शो के एपिसोड में सुंदरलाल अपने जीजाजी के घर पहुंचते हैं और अपने साथ वह दयाबेन की वापसी की खबर लेकर आते हैं। जेठालाल को सुंदरलाल बताते हैं कि उन्होंने नया रियल स्टेट का बिजनेस शुरू किया है। इसके साथ ही वह जेठालाल को दयाबेन का लिखा हुआ एक पत्र देते हैं, जिसमें उनकी वापसी को लेकर कन्फर्म बात लिखी होती है। दयाबेन की वापसी की खबर सुनकर जेठालाल इमोशनल हो जाते हैं और खुशी से झूमने लग जाते हैं। खैर, दयाबेन के शो में वापस आने के बाद जेठालाल ही नहीं बल्कि फैंस भी खुशी से झूम उठेंगे। एक्ट्रेस दिशा वकानी शो में क्या और कितनी अहमियत रखती हैं इसका अंदाजा इस बात से आसानी से लगाया जा सकता है कि भले ही वो शो में पिछले कई सालों से नजर ना आ रही हों और ना ही अपनी वापसी पर कोई तारीख कन्फर्म कर रही हों। फिर भी मेकर्स ने उनकी जगह आज तक किसी को नहीं दी। आपको जानकर हैरानी होगी कि गोकुलधाम की पूरी महिला मंडल में सबसे ज्यादा फीस दयाबेन यानि दिशा वकानी को ही मिलती है। सिर्फ महिला मंडल ही नहीं बल्कि इस शो के हर कलाकार से कहीं ज्यादा फीस दिशा लेती थीं। मालूम हो कि दयाबेन की हंसी और डायलॉग डिलीवरी ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। ऑडियंस के बीच इनका किरदार बहुत मशहूर हुआ है। दया का किरदार निभाने वाली दिशा वकानी ने अपने अनूठे अंदाज के कारण दया बेन के किरदार को लोगों के दिलों तक पहुंचा दिया है। लेकिन मां बनने के बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। तीन साल बाद दोबारा दयाबेन शो में वापसी कर रही हैं।




# बॉडी में हो ये समस्याएं तो भूलकर भी न करें बैंगन का सेवन, हो सकता है नुकसान

बैंगन का भर्ता किसका फेवरेट नहीं होता है। इसे सभी बड़े चाव से खाते हैं। आलू के साथ भी बैंगन की सब्जी लाजवाब लगती है। बैंगन खाने से आपको कई फायदे भी होते हैं लेकिन यह स्वादिष्ट बैंगन आपकी सेहत को नुकसान भी कर सकता है। जी हां... आपको कुछ समस्साओं में बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। तो चलिए आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं कि आपको किन समसम्याओं में बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए।

**1. खून की कमी :** अगर आपके शरीर में खून की कमी है तो आपको बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। डॉक्टर्स भी बैंगन का सेवन न करने की सलाह देते हैं इसका कारण है कि इसे खाने से खून में परेशानी और बढ़ जाती है।

**2. बवासीर के मरीज :** अगर आपको बवासीर है तो भी आपको बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। अगर आपको भी खूनी बवासीर है तो आपको बैंगन से दूरी बना कर रखनी चाहिए क्योंकि अगर आप ऐसी स्ठिती बैंगन का सेवन करते हैं तो आपकी समस्या बढ़ सकती है और यह आपके शरीर के लिए घातक भी हो सकता है।

**3. एलर्जी की समस्या होने पर :** अगर आपको एलर्जी की समस्या है तो भी आपको बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि बैंगन के सेवन से एलर्जी और बढ़ जाती है। आपके ज्यादा खुजली और दाद होने लगते हैं इसलिए आपको ऐसी स्थिती में बैंगन नहीं खाना चाहिए।

**4. प्रेग्नेंसी में :** गर्भवती महिलाएं भी बैंगन सोच समझ कर ही खाएं बैंगन का सेवन न करें। बैंगन खाने से गर्भवति महिला को इसलिए रोका जाता है क्योंकि बैंगन काफी गर्म तासीर वाले होते हैं जिससे महिलाओं को काफी परेशानी हो सकती है इसलिए आप बैंगन कम खाएं।

**5. पथरी की समस्या :** पथरी के मरीजों को बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। इसका कारण यह है कि बैंगन में ऑक्सलेट पाया जाता है जो किडनी के लिए नुकसानदेह होता है। इसलिए आपको बैंगन कम खाना चाहिए।

**6. ब्लड प्रेशर की समस्या में :** जिन लोगों को ब्लड प्रेशर की समस्या होती है उन्हें भी बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। खासकर उन लोगों को जिनको लो बल्ड प्रेशर की समस्या है उन्हें बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। अगर आप लगातार बैंगन का सेवन कर रहे हैं तो आप एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

**7. ज्यादा मोटापे की समस्या में :** अगर आप का वजन काफी ज्यादा है तो भी आपको बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए। इसमें फैट की मात्रा काफी ज्यादा होती है और इसके सेवन से आपके दिल और दिमाग को नुकसान हो सकती है इसलिए ऐसे लोगों को बैंगन का सेवन कम करना चाहिए।

**8. पेट से जुड़ी समस्या:** ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्हें बैंगन का सेवन करने से पेट दर्द, उल्टी और सिरदर्द की समस्या होने लगता है। इसलिए उन्हें बैंगन का सेवन नहीं करना चाहिए।



# सनी लियोनी से केरल पुलिस की पूछताछ, 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी का है मामला



ऐक्ट्रेस सनी लियोनी से केरल पुलिस ने पूछताछ की है। एक इवेंट मैनेजर ने सनी लियोनी पर 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस की पूछताछ में सनी लियोनी ने पैसे लेने की बात मान ली है मगर धोखा देने के आरोपों से इनकार किया है। बॉलिवुड ऐक्टर सनी लियोनी एक नई मुश्किल में फंस गई हैं। हाल में सनी के खिलाफएक इवेंट मैनेजर ने कोच्चि में धोखधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद केरल पुलिस ने राजधानी तिरुअनंतपुरम के प्राइवेट रिजॉर्ट में सनी लियोनी से लंबी पूछताछ की है। शिकायत के मुताबिक सनी लियोनी ने 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। कोच्चि के इवेंट मैनेजर आर शियस ने अपनी शिकायत में कहा है कि सनी लियोनी ने कई इवेंट में आने के लिए 29 लाख रुपये की फीस ली थी लेकिन वह उन इवेंट में पैसा लेने के बावजूद शामिल नहीं हुई। शियस ने अपनी शिकायत में कहा है कि 2016 से सनी लियोनी के मैनेजर ने कई किश्तों में पैसा लिया और 5 इवेंट्स में शामिल होने का वादा किया था मगर सनी इनमें से किसी भी इवेंट में शामिल नहीं हुई। बताया जा रहा है कि सनी लियोनी ने पुलिस की पूछताछ में यह स्वीकार किया है कि उन्होंने पैसा लिया था लेकिन उनका इरादा इवेंट मैनेजर को धोखा देना नहीं था। सनी ने कहा है कि उनके मैनेजर ने पैसा लिया था और उन्होंने इवेंट के लिए डेट्स भी दी थीं मगर इवेंट मैनेजर उन डेट्स पर कार्यक्रम नहीं कर सका और इसीलिए यह मुद्दा उठा। अब पुलिस इस केस में सनी लियोनी के बयान के आधार पर जांच करेगी।

# रिहाना की बात पर भड़के रामायण के लक्ष्मण सुनील लेहरी, ट्वीट कर लगाई फटकार



बीते कुछ समय से देश में किसान आंदोलन का मुद्दा गर्माया हुआ है। देशभर के किसान नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं। बीते 2 महीने से चल रहे इस आंदोलन की गूंज अब विदेश में भी सुनाई देने लग रही है। बीतें दिनों ही हॉलीवुड की जानीमानी पॉप स्टार रिहाना ने एक ट्वीट करके सनसनी मचा दी थी। रिहाना ने अपने ट्वीट में ये सवाल किया था कि लोग किसान आंदोलन के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं। अभिनेता सुनील लहरी को पॉप स्टार रिआना का ट्वीट कुछ ज्यादा गुस्सा दिला रहा है। उन्होंने ट्वीट करके रिआना को करारा जवाब दिया है। टेलीविजन सीरियल रामायण में लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। सुनील लहरी ने ट्वीट करते हुए रिहाना के साथ उन सभी सेलेब्स को फटकार लगाई है जो हमारे देश के मामले में बोल रहे हैं। इस मामले में सुनील लहरी ने लिखा है, रिहाना या किसी और विदेशी को हमारे देश के किसान आंदोलन या किसी भी मामले में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। अपनी प्रॉब्लम को सॉल्व करने के लिए हम सक्षम हैं।